www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–177 । सागर, सोमवार, 14 अगस्त 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

हाथ में तिरंगा थामकर पुलिस ने किया शहर भ्रमण — पृष्ठ 3
▪ नेहरू ने बिना शिकायत शून्य से भारत को शिखर तक पहुंचाया
▪ महाराजा का दरबार नहीं, 140 करोड़ लोगों की आवाज है संसद — पृष्ठ 4
▪ जिला पंचायत सदस्य हृदेश कुशवाहा समेत 50 अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज — 6
हम उनका समर्थन करें जो हमारे हितों की रक्षा करता हो: उमाशंकर गुप्ता — 8

# महाराष्ट्र : ठाणे के सरकारी अस्पताल में 24 घंटे के दौरान 18 मरीजों की मौत

## मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश

**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर के कलवा में नगर निकाय द्वारा संचालित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में पिछले 24 घंटों में 18 मरीजों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री एकनाथ सिंदे ने इसकी जांच के आदेश दिए हैं। मृतकों में 10 महिलाएं और 8 पुरुष शामिल हैं, जिनमें से छह ठाणे शहर से, चार कल्याण से, तीन शाहपुर से, एक-एक भिवंडी, उल्हासनगर और गोवंडी (मुंबई में) से थे, जबकि एक मरीज किसी अन्य जगह से और एक अज्ञात था। आयुक्त ने कहा कि मृतक मरीजों में से 12 की उम्र 50 वर्ष से अधिक थी। इससे पहले, दिन में महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत और स्थानीय पुलिस उपायुक्त गणेश गावड़े ने छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में पिछले 24 घंटों में 17 मरीजों की मौत होने की जानकारी दी थी।



निगम आयुक्त अभिजीत बांगर ने बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्थिति के बारे में जानकारी ली और एक स्वतंत्र जांच समिति के गठन का आदेश दिया, जिसकी अध्यक्षता स्वास्थ्य सेवा आयुक्त करेंगे। उन्होंने बताया कि जांच समिति में कलेक्टर, निगम प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक और सिविक सर्जन समेत अन्य शामिल होंगे। बांगर ने कहा कि यह समिति मौतों के नैदानिक पहलू की जांच करेगी। उन्होंने बताया कि मृतक मरीजों को गुर्दे की पथरी, पक्षाघात, अल्सर, निमोनिया, केरोसिन विषाक्तता, सैप्टीसीमिया आदि जैसी समस्याएं थीं। आयुक्त ने कहा, ''उपचार के क्रम की जांच की जाएगी और मृतकों के परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे। कुछ परिजनों द्वारा लगाया गया लापरवाही का आरोप एक गंभीर मामला है, जिस पर जांच समिति गौर करेगी।'' उन्होंने कहा, ''कोविड ड्यूटी में तैनात सभी 500 कर्मचारियों को संबंधित अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है और अतिरिक्त नर्सिंग स्टाफ नियुक्त किया गया है।'' वहीं, मंत्री सावंत ने कहा कि अस्पताल के डीन को इस मामले में दो दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। पुलिस उपायुक्त गणेश गावड़े ने कहा, हमें बताया गया है कि प्रति दिन का औसत आंकड़ा छह से सात है। कुछ मरीज गंभीर अवस्था में वहां पहुंचे थे और उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कुछ बुजुर्ग थे। इतनी अधिक संख्या में मौतों के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए हमने अस्पताल में पुलिस की तैनाती बढ़ा दी है।''

राकांपा नेता और क्षेत्र के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने अस्पताल में कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए। अस्पताल का दौरा करने वाली राज्य मंत्री अदिति तटकरे ने मौतों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि महाराष्ट्र सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास करेगी कि ऐसी घटना दोबारा न हो।

# मणिपुर हिंसा : 9 और मामलों की जांच करेगी सीबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर हिंसा से जुड़े 9 और मामलों की सीबीआई जांच करेगी। जांच एजेंसी के पास अब कुल 17 मामले हैं। सीबीआई ने अब तक 8 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें मणिपुर में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न से संबंधित दो मामले भी शामिल हैं।

अधिकारियों का कहना है कि जांच एजेंसी के पास और मामले भी आ सकते हैं। इसमें खासकर महिलाओं के साथ हुए उत्पीड़न, कुकी महिला के वायरल वीडियो के मामले शामिल होंगे। इसके अलावा 9 अगस्त को मैतेई महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया था। इसकी जांच भी सीबीआई को दी जा सकती है। दरअसल केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि मणिपुर में 6523 एफआईआर दर्ज की गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि राज्य में समाज जातीय आधार पर बंटा हुआ है, ऐसे में जांच एजेंसी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

### *एसआईटी की 42 टीमें भी करेंगी जांच*

*सुप्रीम कोर्ट ने 7 अगस्त को कहा था कि मणिपुर में हिंसा से जुड़े मामलों की 42 स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीमें (एसआईटी) जांच करेंगी। इन एसआईटी के काम की निगरानी डीआईजी रैंक का अधिकारी करेगा। ये अफसर मणिपुर के बाहर का होगा। डीआईजी रैंक का एक अफसर 6 एसआईटी की निगरानी करेगा।*

### *हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा मौतें*

*मणिपुर हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें 3-5 मई के बीच 59 लोग, 27 से 29 मई के बीच 28 लोग और 13 जून को 9 लोगों की हत्या हुई थी।*

## सार-समाचार

### प्रदेश का 53वां जिला बना मऊगंज, आदेश जारी

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश का 53वां जिला रीवा जिले का मऊगंज होगा। मऊगंज, हनुमना और नईगढ़ी तहसील को मिलाकर यह जिला बनाया गया है। राजस्व विभाग ने आज जिला गठन का आदेश जारी कर दिया। इसका मुख्यालय मऊगंज रहेगा। राज्य शासन ने अजय श्रीवास्तव को कलेक्टर और वीरेंद्र जैन पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 4 मार्च को जन कल्याण कार्यक्रम में मऊगंज को जिला बनाने और 15 अगस्त को राष्ट्र ध्वज फहराने की घोषणा की थी। 6 अप्रैल को नए जिले के गठन की प्रारंभिक अधिसूचना जारी कर दावें-आपत्ति बुलाए गए। इनका निराकरण कर बीते शुक्रवार को राजस्व विभाग ने कैबिनेट ने नए जिले के गठन और कलेक्टर सहित अन्य पदों के सृजन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। बैठक में स्वीकृति मिलने के बाद रविवार को राजस्व विभाग ने नए जिले के गठन के आदेश जारी कर दिए। राजपत्र में प्रकाशन के साथ ही नए जिले का गठन हो जाएगा। इसके रीवा जिले में हुजूर, हुजूरनगर, जवा, त्योंधर, रायपुर, कर्चुलियान, गुढ़, सिरमौर, सेमरिया और मनगंवा तहसीलें रहेंगी।

**अजय श्रीवास्तव को कलेक्टर, वीरेंद्र जैन को पुलिस अधीक्षक बनाया**

### 8 लाख की इनामी महिला नक्सली ने किया समर्पण

**सुकमा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर जिले के सरहदी इलाके में बीते सत्रह वर्ष से सक्रिय रही आठ लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली माड़वी मल्ले उर्फ गंगी ने पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के सामने बिना हथियार के आत्म समर्पण कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल पुलिस अधीक्षक के समक्ष समर्पण करने वाली गंगी नक्सली संगठन में बतौर पीएलजी बटालियन सदस्य काम कर रही थी। पुलिस अधीक्षक ने महिला नक्सली को 25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि का चेक भी दिया।

### तरनतारन से टूटा हुआ ड्रोन बरामद

**चंडीगढ़, एजेंसी।** सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस ने विशेष सूचना पर संयुक्त रूप से रविवार को पंजाब के तरनतारन जिले में तलाशी अभियान चलाया और एक टूटा हुआ ड्रोन बरामद किया। बीएसएफ ने कहा कि ड्रोन को प्लास्टिक की बोरी में रखकर लखना गांव के पास ईंटों से बांध दिया गया था। बरामद ड्रोन एक क्वाडकॉप्टर है। एक अन्य संयुक्त तलाशी अभियान में, अमृतसर जिले के धनोए कलां गांव के खेतों से पीले चिपकने वाले टेप में लिपटा हुआ मादक पदार्थों का एक पैकेट बरामद किया गया, जिसमें 530 ग्राम हेरोइन होने का संदेह है।

### चोरी के आरोपियों को पेड़ से बांधकर बाल काटे

**इंदौर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर में सरिया चोरी के दो आरोपियों को भीड़ ने पकड़ कर पीटा फिर पेड़ से बांधा और उनके बाल भी काट दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की सिलिकॉन सिटी के पास स्थित स्टार कॉलोनी का है, जहां की एक निर्माण अधीन इमारत में कुछ युवकों ने शनिवार की रात सरिया चुराने की नीयत से धावा बोला। आसपास के लोगों को जब इस बात की जानकारी लगी तो उन्होंने द्वारिकापुरी में रहने वाले कुणाल और संतोष को पकड़ लिया। दोनों की पिटाई की मगर यह दोनों भागने लगे तो उन्हें भीड़ ने पड़कर पहले पेड़ से बांधा और पिटाई करने के साथ उनके बाल भी काटे।

### हैदराबाद में 60 लाख का सोना जब्त

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने रविवार को दो हवाई यात्रियों से लगभग 60 लाख रुपए मूल्य का एक किग्रा सोना जब्त किया। रैंडम एक्स-बीआईएस मशीन का उपयोग करके उनके सामान की जांच की।

भरोसे के सम्मेलन में बोले खड़गे

# कांग्रेस सरकारों ने देश को आगे बढ़ाया



**नेहरू व सरदार पटेल ने सार्वजनिक क्षेत्र को मजबूती देने का काम किया**

**रायपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कांग्रेस की सरकारों ने देश को आगे बढ़ाने का काम किया। जांजगीर-चांपा जिले में आयोजित भरोसे के सम्मेलन में खड़गे ने कहा, आजादी के बाद से हमने एम्स बनाया, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी खोली। बड़े बड़े कारखाने, टेक्सटाइल यूनिट बनाए, औद्योगिकरण को बढ़ावा दिया। देश को आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा, पंडित जवाहर लाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल ने पब्लिक सेक्टर को मजबूती देने का काम किया। किंतु आज स्थिति बदल रही है।

खड़गे ने आगे कहा, भांगड़ा नागल, हीराकुंड बांध से लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र हमारी सरकार ने बनाया है। छत्तीसगढ़ में भिलाई स्टील प्लांट की नीव हमारी सरकार ने रखी। हमारी सरकार ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम लाकर गरीब एवं आम जनता को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराया। पिछले 70 सालों में हमने जो शिक्षा की बुनियाद रखी उसी बुनियाद पर चलकर नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने। छत्तीसगढ़ सरकार के भरोसे के सम्मलेन का जिक्र करते हुए खड़गे ने कहा, यह भरोसे का सम्मेलन इसलिए हो रहा है क्योंकि आपके मुख्यमंत्री और उनके नेतृत्व की सरकार ने आपसे जो वादा किया था उसे पूरा किया।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व की सरकार ने जो आपको भरोसा दिया उसे पूरा करके दिखाया। छत्तीसगढ़ सरकार निडर होकर गरीबों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के लोगों ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

### एम्स बनाने को लेकर झूठ बोल रहे हैं मोदी : खड़गे-राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते कहा है कि वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स खोलने को लेकर झूठ बोल रहे हैं और देश की स्वास्थ्य व्यवस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। श्री खडगे ने कहा, लूट और जुमलों ने देश को किया अस्वस्थ, मोदी जी के हर शब्द में केवल झूठ ही कंठस्थ। दावा किया कि बनायें हैं एम्स कई सारे, सच्चाई है कि डॉक्टर-स्टाफ की भारी कमी से जूझे एम्स हमारे। उन्होंने कहा, मोदी जी, कोरोना महामारी में उदासीनता से लेकर, आयुष्मान भारत में घपलेबाजी तक ज्आपकी सरकार ने देश के स्वास्थ्य सिस्टम को बीमार बनाया है। जनता जाग चुकी है, आपका छल-कपट पहचान चुकी है, आपकी सरकार की विदाई की घड़ी आ चुकी है। श्री गांधी ने कहा, एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झूठ बोला है। उन्होंने कहा- दरभंगा में एम्स खुल गया है।लेकिन दरभंगा में एम्स है ही नहीं। आपको क्या लगता है। पीएम मोदी इतना झूठ क्यों बोलते हैं।

उमंग और उत्साह के साथ निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

# तिरंगामय हुआ बुधनी

## सौ से अधिक मंचों से किया गया मुख्यमंत्री का स्वागत, की कई घोषणाएं



- प्रतिभाशाली बेटे और बेटियों को 23 अगस्त को मिलेगी ई-स्कूटी
- रसोइयों का मानदेय दोगुना होगा
- जल्दी ही अतिथि शिक्षकों की पंचायत बुलाई जाएगी

**बुधनी मेडिकल कॉलेज सहित भेरूंदा-बुधनी-रेहटी राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे ब्रिज का भूमि-पूजन**

**भोपाल, देशबन्धु।** आजादी के अमृत महोत्सव के हर घर तिरंगा अभियान में आज बुधनी में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज ही बुधनी में एक अन्य कार्यक्रम में विकास पर्व के तहत 714 करोड़ 91 लाख की लागत वाले 500 बिस्तर के मेडिकल कॉलेज, 284 करोड़ 16 लाख लागत के बुधनी-भेरूंदा-रेहटी राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण और रेलवे अंडर ब्रिज 8 करोड़ 15 लाख का भूमि-पूजन करने के बाद एक बड़ी जनसभा में संवाद किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ श्रीमती साधना सिंह, कार्तिकेय चौहान तथा सांसद रमाकांत भार्गव और स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्रा, नगरवासी तथा जन-प्रतिनिधि हाथों में तिरंगा लेकर और भारत माता की जय तथा वंदे-मातरम का उद्घोष करते हुए शामिल हुए। नगरवासियों ने पूरे रास्ते पुष्प-वर्षा कर मुख्यमंत्री श्री चौहान का अभिनंदन किया। यात्रा के लिए स्वागत मंचों को फूलों, स्वागत द्वारों और तिरंगे के रंग में रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भी नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनका अभिवादन किया। तिरंगा यात्रा में इसके पहले बड़ी संख्या में युवाओं, बच्चों, महिलाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने अपने घरों की छत और बालकनी से पुष्प-वर्षा कर मुख्यमंत्री श्री चौहान का अभिनंदन किया। चारों ओर ये देश है वीर जवानों का, ऐ वतन-वतन मेरे आजाद रहे तू, मेरे देश की धरती, ये देश है वीर जवानों का जैसे देशभक्ति गीतों की गूंज सुनाई दे रही थी। अनेक मंचों पर विद्यार्थियों ने अमर शहीदों की वेशभूषा धारण कर वीर शहीदों की याद दिलाई। यात्रा के दौरान बुधनी जनपद की अनेक ग्राम पंचायतों ने 100 से अधिक मंचों से मुख्यमंत्री श्री चौहान का आत्मीय स्वागत किया। अनेक मंचों से लाड़ली बहना योजना, बुधनी मेडिकल कॉलेज सहित अन्य सौगाते देने के लिए हाथों में तख्ती लेकर नागरिकों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इस दौरान अनेक धार्मिक संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों तथा संगठनों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया। ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

# 3 वर्षों में 508 भारतीय कैदी पाक से लाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 2020 से 2023 के बीच पिछले तीन वर्षों में 508 भारतीय कैदियों को पाकिस्तान से वापस लाया गया है, जबकि भारत ने इसी अवधि के दौरान 143 पाकिस्तानी कैदियों को वापस भेजा है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, 1 जुलाई को दोनों देशों के बीच एक्सचेंज किए गए कैदियों की लिस्ट के अनुसार, 266 भारतीय मछुआरे और 42 नागरिक कैदी पाकिस्तानी हिरासत में हैं। जबकि भारतीय हिरासत में पाकिस्तान के 343 नागरिक और 74 मछुआरे हैं। 21 मई 2008 को हस्ताक्षरित भारत-पाकिस्तान 'कॉन्सुलर एक्सेस पर समझौते' के अनुसार, प्रत्येक देश की जेलों में बंद कैदियों की लिस्ट का आदान-प्रदान हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को किया जाता है। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने पाकिस्तान की हिरासत से नागरिक कैदियों और मछुआरों को उनकी नौकाओं सहित जल्दी रिहाई और स्वदेश वापसी का आह्वान किया है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने आगे बताया कि वह पाकिस्तानी हिरासत में भारतीय कैदियों के कल्याण, सुरक्षा और संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि जैसे ही पाकिस्तान द्वारा भारतीय नागरिकों को पकड़ने के मामले सामने आते हैं, इस्लामाबाद में भारतीय मिशन द्वारा पाकिस्तान सरकार से राजनयिक पहुंच की मांग के लिए तत्काल कदम उठाए जाते हैं। कॉन्सुलर एक्सेस के दौरान, भारतीय उच्चायोग के अधिकारी पाकिस्तानी जेलों में भारतीय कैदियों से मुलाकात करते हैं और उनका हालचाल जानते हैं। साथ ही अधिकारी उन्हें दैनिक उपयोग की कल्याणकारी वस्तुएं देते हैं। भारतीय कैदियों को उनकी शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी के लिए कानूनी सहायता सहित हर संभव सहायता प्रदान की जाती है।

**266 भारतीय मछुआरे व 42 नागरिक पाकिस्तानी हिरासत में**

लोक लेखा समिति ने उपकरों की समीक्षा का दिया सुझाव

# उद्देश्य पूरा होने पर उपकरों को समाप्त करने के हो प्रावधान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक उच्च स्तरीय संसदीय समिति ने सरकार को उपकरों (सेस) को समाप्त करने के प्रावधान जोड़ते हुए उनकी समय-समय पर समीक्षा के लिए एक क्लॉज शामिल करने की सलाह दी है, ताकि यदि उनके उद्देश्य प्राप्त हो गए हैं तो उन्हें बंद करने पर विचार किया जा सके।

लोक लेखा समिति (पीएसी) ने उपकरों और करों पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि चूंकि करों, उपकरों और लेवी का बोझ अंततः आम आदमी पर पड़ता है, इसलिए समय-समय पर उपकरों की समीक्षा की जानी चाहिए, ताकि लक्षित उपलब्धि के स्तर का आंकलन कर इसकी एक विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित की जा सके। पैनल ने यह भी देखा कि चूंकि उपकर केवल विशिष्ट उद्देश्यों के लिए लगाए जाने हैं, इसलिए उनके लगाने और संग्रह के लिए व्यापक और सामान्य भाषा के उपयोग से आय के उपयोग में विसंगतियां हो सकती हैं। विशिष्टता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, समिति का विचार है कि उपकर अच्छी तरह से परिभाषित उद्देश्यों और सीमित अवधि के लिए लगाया जाना चाहिए।

- करों, उपकरों का आम आदमी पर पड़ता है बोझ
- समय-समय पर उपकरों की होनी चाहिए समीक्षा

### 13वें वित्त आयोग की सिफारिश पर भी प्रकाश डाला

इसमें 13वें वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिश पर भी प्रकाश डाला गया है कि केंद्र सकल कर राजस्व में अपना हिस्सा कम करने के लिए अधिभार और उपकर की समीक्षा करेगा। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के नेतृत्व वाली समिति ने कहा कि चूंकि प्रत्येक उपकर के लिए कानून में निहित उपकर के उद्देश्यों की प्राप्ति के संबंध में विचार-विमर्श की आवश्यकता हो सकती है, इसलिए सभी एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। लेखांकन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में शामिल है ताकि जहां भी चिंताएं और मुद्दे उत्पन्न हों, उन्हें प्रारंभिक चरण में उजागर किया जा सके और एक विशिष्ट समय सीमा के भीतर तुरंत हल किया जा सके।

# राष्ट्रीय राजमार्ग सागर ललितपुर मार्ग की हालत बदहाल जगह-जगह उभर आए बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढ़े

## मालथौन टोल प्लाजा की दौ सौ मीटर की सड़क में बने 200 सौ गड्ढ़े



**मालथौन, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग सागर ललितपुर मार्ग की हालत बदहाल बनी हुई है सागर से ललितपुर की सड़क पर जगह जगह बने जानलेवा गड्ढे। नेशनल हाइवे 44 के मालथौन टोल प्लाजा की 200 मीटर की फोर लाइन सड़क पर 200 सौ से ज्यादा गड्ढे उभर आए, जबकि अटाकार्नेलगढ़ से सागर की तक कि सड़क में हजारों छोटे बड़े गड्ढे हो गए जो यात्रियों की कमर के साथ वाहनों के कलपुर्जो को तोड़ रहे हैं। नेशनल हाइवे की बदहाल सड़क पर वाहनों से पूरा टोल शुल्क बसूला जा रहा हैं। मालथौन से दोनों तरफकी फोरलेन सड़क पर जगह-जगह गड्ढ़े होने की वजह से यात्रियों को परेशानी का सबब बन रहे है गढ्डों की वजह वाहन दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। उक्त मार्ग से रोजाना हजारों की संख्या में भारी भरकाम वाहनों का आवागमन रहता हैं। बरसात के मौसम में गढ्डों में पानी भरा होने के कारण वाहन चालको को गड्ढ़े नजर नहीं आते हैं वाहन गड्ढ़े में गिरने से अनियंत्रित होकर हादसों और टूट फुट का खामियाजा भुगतना पड़ रहा हैं।

नेशनल हाइवे पर सुविधा जनक सड़क के लिए टोल शुल्क देते है उसके बावजूद खराब सड़क से सफर करने को मजबूर है। पिछले दिनों कलेक्टर दीपक आर्य द्वारा नेशनल हाइवे की संबधित सड़क अथॉरिटी को मेंटिनेंस कराएं जाने के निर्देश दिए थे जल्द जल्द सड़क के गड्ढ़े भरे जाए। लेकिन स्थिति हो बदहाल चली। मालथौन से लेकर राजमार्ग तक पूरा हाईवे छलनी छलनी हो गया है। 160 किलोमीटर के सफर को तय करने में वाहन चालकों के पसीने छूट जाते हैं, चालकों को अपने वाहनों को गड्ढों से बचाते हुए सर्पाकार दौड़ाना पड रहा है, हाइवे सड़क पर चलती तेज रफ्तार में छोटे बड़े वाहन के सामने अचानक गड्ढे आ जाते हैं उनको बचाने के चक्कर में वाहन अपना संतुलन खो देते हैं, जिससे बड़ी घटनाएं घट जाती हैं कई परिवार काल के गाल में समा जाते हैं। वाहन खटारा हो जाते है। हाईवे टोल की वसूली कर रोजाना लाखो रूपये का रिडकोर को जमा करवाए जा रहे हैं। बीते दिन मालथौन के पास ट्रेक्टर ट्राली गड्ढ़े में गिरने से अनियंत्रित हो कर पलट गई जिसमे दो सवार गंभीर रूप से घायल हो गये थे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर किया गया हादसे कारण गड्ढ़े में गिरने कारण असंतुलित होकर पलट गई। हादसों की वजह की बन रहे फिर एनएच के कारिंदे मूक दर्शक बने हुए है।

# हमारी सरकार गांधी के विचारो पर चल रही है: गोपाल भार्गव

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की नवीन प्रतिमा का हुआ समारोह पूर्वक अनावरण



**रहली, देशबन्धु।** बस स्टेंड के पास स्थित पुरानी गांधी प्रतिमा को बदल का नवीन प्रतिमा लगाई गई जिसका अनावरण रविवार की शाम मुख्य अतिथि मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा किया गया। अनावरण के पूर्व भार्गव व नपाध्यक्ष देवराज सोनी सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा हाथो में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता के जयकारों के साथ भ्रमण किया। तत्पश्चात गांधी प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री भार्गव ने बताया की पुरानी मूर्ति खंडित अव्यवस्थित हो गई थी जो 1962 में स्थापना हुई थी, सभी चाहते थे की इसे अच्छा किया जाए, मेने सहमति दी और समय सीमा में यह कार्य पूर्ण हुआ, अभी एक दिन बाद स्वतंत्रता दिवस है सभी लोग यहां आयेगे। में कहकता था आज के कार्यक्रम में सभी पार्टी के लोग एकत्रित हो लेकिन ऐसा नहीं हुआ, गांधी जी केवल भारत के नही पूरे विश्व की धरोहर है। गांधी जी सकल धर्मो के सकल राष्ट्र के थे। इन्हे किसी एक पार्टी से नही जोड़ा जा सकता। हमारी सरकार आज गांधी जी के विचारो पर चल रही है, और उनके बताए कार्यों को कर रही है। महापुरुषों की मूर्तियां लगनी चाहिए, इससे हमारी स्मरण शक्ति बढ़ती है, ये हमारा इतिहास है। नपाध्यक्ष देवराज सोनी ने बताया की करीब 20 वर्षो गांधी जी की प्रतिमा खंडित थी तब किसी ने ध्यान नहीं दिया और जब हमने प्रतिमा को बदलना चाहा तो कुछ लोगो को आपत्ति हुई कांग्रेस ने जिसके नाम पर वोट मांगी उसी की प्रतिमा को सुरक्षित नही रख पाए है। भाजपा गांधी जी के एक-एक सपने को साकार कर रहे है। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष अमित नायक ने भी संबोधित किया। इस दौरान राजेंद्र जारोलिया, कमलेश दीक्षित, हरिनारायण सेनी, थलू माते, राजेंद्र ठाकुर, प्रियेश पटेरिया, सुरेश राठौर, प्रभारी सीएमओ बालकृष्ण पटेल, उपयंत्री शिवराम साहू, निर्माण एजेंसी से अमरतीस मिश्रा, जमना यादव, विजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### युवा यादव महासभा निकलेगी जन्माष्टमी पर बाइक रैली



**जैसीनगर, देशबन्धु।** गोवर्धन टोरिया स्थित गोवर्धन मंदिर में रविवार दोपहर युवा यादव महासभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रिछाई, करहद, जैसीनगर तोड़ा, खमरिया, बंजरिया, रहली, गेहलपुर, सागोनीभाट, शोभापुर, परासिया, पडरिया सहित अनेक गांव से यदुवंशी युवा संगठन के युवा साथी मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि भगवान श्री कृष्ण के जन्म दिवस के अवसर पर गोवर्धन मंदिर में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर पूरे जैसीनगर मे बाइक रैली निकाली जाएगी।

### काम से भागो नहीं, जागकर कुशलतापूर्वक करो, दृष्टि बदलो सृष्टि नहीं: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** भक्ति, युक्ति और शक्ति से युवा समाज, देश, संस्कृति, परिवार के काम आए। स्वयं का विकास करना है तो स्वयं को सचेत रहना होगा। यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित युवा संगोष्ठी में कहीं। मुनि श्री ने कहा काम से भागो नहीं, जागकर कुशलतापूर्वक करो। दृष्टि बदलो सृष्टि नहीं। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा कि युवा विनम्रता, सहजता, सरलता, स्व धैर्य के साथ हर कार्य को अंजाम दे सकते हैं। धन के पीछे ना भाग कर, धर्म को पकड़ें। संगति, संस्कारों पर ध्यान दो। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया आज का युवा कैसा हो इस विषय पर युवक एवं युवतियो ने अपने विचार प्रकट किये। भक्ति, भजन, पश्चात समाज के धर्म संस्कृति के प्रति श्रेष्ठ कार्य करने वाले युवक युवतियों का सम्मान मंदिर कमेटी के द्वारा किया गया। चतुर्मास कमेटी के महामंत्री सुनील जैन ने बताया वैज्ञानिक संत आचार्यश्री निर्भय सागर द्वारा रचित पुस्तक समाज निर्माण के सूत्र का अनावरण भी किया गया। युवाओं द्वारा शास्त्र भेंट किए गए। मुनि श्री के द्वारा युवाओं को कभी आत्महत्या नहीं करना, परिवार देश धर्म संस्कृति राष्ट्र समाज के प्रति समर्पित रहना, परिवार की आज्ञा मानकर कार्य करना, सभी युवाओं ने इस प्रकार शपथ लेकर धर्म संस्कृति देश के प्रति जीवन देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन इंजी. शुभम जैन एवं नमन जैन ने किया।

### व्यक्तित्व को निखारना व्यक्ति के ही हाथ में होता है: आर्यकाश्री

**रहली, देशबन्धु।** हर प्राणी की मृत्यु निर्धारित 7 दिनों में ही होती है मृत्यु से पूर्व व्यक्ति के व्यक्तित्व को कैसे निखारा जाए संवारा जाए इसे उदाहरण देते हुए आर्यिकाश्री ने बताया कि कुम्हार जैसे मिट्टी का जीवन संवारता है उसी से मूर्ति बना देता है कलश बना देता है कुल्हड़ और चिलम भी मिट्टी से बन जाती है एक कला निखर कर कलश बन जाती है तो दूसरी चिलम बनाकर जीवन को जलाने में लगती है। छोटा सोच निंदनीय जीवन नफरत पैदा करता है, जो धर्मात्मा और सम्यकदृष्टि होता है उसके जीवन में जो, त्याग, क्षमा का संतुलन रहता है वह पुरुषार्थी होता है समाज में नेतृत्व मान होता है समाज में उसका अलग स्थान होता है किसी को देखकर तरंगे उठती हैं प्रसन्नता की और किसी को देखकर क्लेश उत्पन्न होता है। अच्छे व्यक्ति की पहचान बनाना अपने जीवन को निखारना अपने ही हाथ में होता है लक्ष्य को लेकर चलने वाला उत्साह उमंग से भरा व्यक्ति कभी निराश नहीं होता। लेकिन यदि लक्ष्य और एकाग्रता का अभाव रहता है तो असफलता हाथ लगती है। मनुष्य आज पुद्गल शरीर को संभालने में श्रृंगार करने में अपना श्रम लगाता है समय लगता है परंतु आचार्य श्री कहते हैं बाहर नहीं आंतरिक सौंदर्य को निखारिये वह प्रकृति का अनुपम उपहार बनेगा तब बाहरी सौंदर्य स्वयं ही प्रकट होने लगता है जब करुणा दया प्रेम और वात्सल्य चरित्र से छलकने लगता है। प्रवचन में कब कैसे कौंन कहां पर आधारित प्रश्न मंच तैयार कर उपस्थित श्रोताओं से रिक्त स्थानों की पूर्ति कराई गई और उत्तर देने वाले श्रोताओं को चतुर्मास समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार बारमोरी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रवचन सभा का संचालन ब्रह्मचारी रजनीश भैया एवं सुरेंद्र आजाद ने किया।

# 22 अगस्त को होने वाली कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे की सभा में संभाग से हजारों की संख्या में आम जन आएंगे

## कांग्रेस की संभाग स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** मप्र कांग्रेस कमेटी के द्वारा सागर संभाग की विभिन्न जिलों की समन्वय समितियों की बैठक का आयोजन रविवार को संपन्न हुआ। विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, मोर्चा संगठन अध्यक्ष, विभाग अध्यक्ष आदि उपस्थित होकर बैठक में अपने सुझाव दिए। मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं मप्र के सह प्रभारी संजय कपूर, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा एवं प्रभारी लखन घनघोरिया, राष्ट्रीय प्रवक्ता मुकेश नायक उपस्थित थे। विशेष रूप से प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जैन, भूपेंद्र गुप्ता, महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल की उपस्थिति रही। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि जिस तरह कर्नाटक में मोदी को बैरंग वापस लौटा दिया था वैसे ही सागर का कार्यकर्ता दुगने उत्साह के साथ खरगे जी की सभा को सफल बनाने के लिए जुट जाए। सागर में कांग्रेस की आंधी चलना चाहिए। 22 अगस्त को होने वाली आमसभा के प्रभारी एवं विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि सागर के लोगों में लड़ने की असीम क्षमता है। यहां के लोग तीन-तीन मंत्रियों के आतंक के खिलाफ लगातार लड़ रहे हैं। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे जी अनुसूचित जाति वर्ग से आते हैं और 10 बार जनता के द्वारा चुने गए हैं, वे हमारे बीच में आ रहे हैं। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने कहा हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष हमारा गौरव है, उनका स्वागत हम बुंदेली परंपरा से करेंगे। भाजपा का अत्याचार बहुत बढ़ गया है, जनता शीघ्र ही अपने जन मत से मप्र और देश से भाजपा के कुशासन का अंत कर देगी। मुख्य अतिथि संजय कपूर ने प्रधानमंत्री मोदी की रैली से हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खरगे कि सभा सफल होगी। बदलाव निश्चित है, परंतु आपको धैर्य से काम लेना होगा। प्रदेश को सागर ही एक नई राह दिखाएगा। पूरी ताकत से राष्ट्रीय अध्यक्ष की रैली को सफल बनाएं। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. आनंद अहिरवार ने कहा कि सागर में राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा ऐतिहासिक होगी। बैठक को पूर्व मंत्री प्रकाश जैन, मुकेश नायक, प्रभारी अवनीश भार्गव, अंजू बघेल, भूपेंद्र गुप्ता, विधायक तरवर लोधी, नीरज दीक्षित, पूर्व मंत्री प्रभुसिंह ठाकुर, सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक सुनील जैन, नारायण प्रजापति, पारुल साहू, प्रताप सिंह लोधी, जीवन पटेल, कमलेश साहू के अतिरिक्त दमोह, टीकमगढ, छतरपुर, पन्ना एवं निवाड़ी जिला कांग्रेस अध्यक्षो, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे, एनएसयूआई अध्यक्ष अक्षत कोठारी ने भी सम्बोधित किया। बैठक का संचालन जिला शहर कांग्रेस कि प्रभारी अंजू बघेल एवं शहर प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने किया। बैठक में सेकड़ो की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा आज, नर्मदा जल लेकर सागर में प्रवेश करेगी

**सागर, देशबन्धु।** 11 अगस्त को तुलसी फाउंडेशन की कावड़ यात्रा बरमान के लिए रवाना हुई थी 12 अगस्त को कावड़ यात्रियों ने मां नर्मदा जी पवित्र जल लेकर सागर के लिए पैदल यात्रा कर रवाना हुए थे। 12 अगस्त को कावड़ यात्रियों ने देवरी में विश्राम किया। 13 अगस्त को कावड़ यात्रियों ने सुरखी में विश्राम किया और आज 14 अगस्त को दोपहर 3 बजे मां नर्मदा जी का पवित्र जल लेकर यात्रा के अध्यक्ष प्रदीप राजोरिया सहित कावड़ यात्रियों के साथ सागर में प्रवेश करेंगे। इस संबंध में तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के संयोजक हरिराम सिंह ठाकुर ने बताया कि तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के समस्त कावड़ यात्रियों की आज सागर आगमन पर दोपहर 3 बजे से बस स्टैंड स्थित वृंदावन बाग मंदिर से भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है।

### पूर्व विधायक ने यात्रियों को स्वयं भोजन परोस कर खिलाया

तुलसी फाउंडेशन की कावड़ यात्रा ने 12 अगस्त को रात्रि में देवरी में कावड़ यात्रा में विश्राम किया। 13 अगस्त को गौरझामर में दोपहर का भोजन देवरी विधानसभा के पूर्व विधायक बृज बिहारी पटेरिया एवं देवरी जनपद अध्यक्ष विनीत पटेरिया ने कावड़ यात्रियों को स्वयं भोजन परोस कर खिलाया।

# राजपूत समाज त्याग और बलिदान का पर्याय है: शैलेंद्र जैन



**सागर, देशबन्धु।** राजपूत समाज द्वारा बालाजी मंदिर परिसर में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन उपस्थित थे, आयोजक मंडल के मुख्य कमलेश ठाकुर ने बताया की आज का आयोजन विशुद्ध रूप से समाज के लोगों के साथ विधायक की उपस्थिति में स्नेह मिलन समारोह था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को विधायक शैलेंद्र जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि आज छतरियां राजपूत समाज के इसने मिलन समारोह में सम्मिलित होकर अत्यंत हर्ष अनुभव हो रहा है यह समाज व समाज है जो सदैव लोगों को सहयोग करने का कार्य करती है हमारे आराध्य महान शूरवीर महाराणा प्रताप ने जिस तरह सत्य और अपने राष्ट्र प्रेम का पालन करते हुए अपने परिवार के साथ जंगलों में समय बिताया और उनके बच्चों तक को घास की रोटी खाकर अपना जीवन यापन करना पड़ा यह समाज उन्हें के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए आगे बढ़ रही है और मैं हर परिस्थिति में आपकी समाज के साथ हूं उन्होंने समाज के भवन के लिए अपनी ओर से सहयोग करने का आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि आप समाज के भवन निर्माण हेतु जमीन की व्यवस्था कीजिए हम भवन निर्माण में आपका पूर्ण सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष मणिदेव ठाकुर, मुकेश ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर, बसंत राजपूत, शंकर ठाकुर, सतीश राजपूत, आशीष ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# भारतीय संस्कृति का अमृतगुण संतोष, भारत का राष्ट्रीय गुण घोषित किया जावे: बख्शी

**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच की 1491 वें क्रम तथा ऑनलाईन स्वरूप की 169वी संगोष्ठी में मप्र के अतिरिक्त देश के विभिन्न प्रदेशों के कवि कवयित्रियों ने ऑनलाईन रुप से काव्य पाठ किया। संगोष्ठी का संचालन डॉ. नलिन जैन ने किया। सागर से कृष्णकांत बख्शी की अध्यक्षता में संगोष्ठी संपन्न हुई। संगोष्ठी के अध्यक्ष कृष्णकांत बख्शी ने कहा अभी हाल ही एक सर्वे ने सुखद रिपोर्ट दी कि प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 36 प्रतिशत बढ़ गई है, वही एक अन्य रिपोर्ट हताश करतीं हैं कि देश की 60 प्रतिशत परिवार कमाई से ज्यादा खर्च करते हैं और शिक्षा, स्वास्थ्य आदि आवश्यकता पूर्ति हेतु कर्जदार हो जाते हैं, और इसी नाजुक दौर में अतिरिक्त धन पूर्ति हेतु भ्रष्टाचार के जाल में उलझ जाते हैं। फिजूल खर्ची व्यक्ति की भौतिक सुख लालसा का दुष्परिणाम हैं और भारतीय संस्कृति का अमृत गुण संतोष ही हर प्रकार की लालसा का प्रभावशाली इलाज है। इसलिए जन जन में सुप्त हो चुके संतोष भाव को प्रदीप्त करने हेतु, मिशन संतोष क्रांति नैतिक सात्विक अभियान संचालित कर रहीं हैं। संतोष भाव के जन जन में त्वरित व तीव्र प्रसार हेतु हमारा शासन से निवेदन है कि भारतीय संस्कृति के अमृत गुण संतोष को देश का राष्ट्रीय गुण घोषित किया जावे। देशवासी राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान एवं प्रीति भाव रखते हैं, अत: राष्ट्रीय गुण का दर्जा प्राप्त कर, संतोष गुण आमजन को निश्चित ही अन्तर्मन् से प्रभावित करेगा और देशवासी संतोषी होकर सुनिश्चित ही, फिज़ूल खर्ची व रिश्वत भ्रष्टाचार से मुक्त हो जायेंगे तथा अभय आनंदमय व शांति पुर्ण जीवन जियेगें, यही हर सरकार का भी परम लक्ष्य है। संयोजक मणीकांत चौबे बेलिहाज ने काव्य पाठ करते हुए कहा जिसने आजादी का अर्थ न समझा, उन्हें आजादी का अधिकार नहीं। जिनके मन में कुर्बानी का मान नहीं, ऐसे मनुज को लोकतंत्र से प्यार नहीं। न जाने कितने घर बर्बाद हुए, अपने सारे सपने जिनने धूल किये। जो आजादी की खातिर, परिवारों से दूर हुए। ऐसे देश भक्तों ने चाहा कोई उपकार नहीं। संगोष्ठी में ऑनलाईन स्वरूप से काव्यपाठ हेतु आमंत्रित देश के विभिन्न प्रांतों से कविगणो ने काव्य पाठ के द्वारा समाज को सकारात्मक संदेश की ऊर्जा से सराबोर किया। अनेक श्रोतागण आनलाईन उपस्थित रहें। मणीकांत चौबे बेलिहाज ने संगोष्ठी के अध्यक्ष कृष्णकांत बख्शी तथा संचालनकर्ता डॉ. नलिन जैन सहित उपस्थित समस्त आमंत्रित कवियत्रियों कवियों तथा समस्त श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

# शासकीय स्कूल की प्रतिभाओ को किया शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित



**बीना, देशबन्धु।** भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन ने शासकीय विद्यालय के कक्षा 10 और 12 वी के छात्र-छात्राओं को शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित किया। इस अवसर पर 70 छात्र-छात्राओं का शील्ड, प्रमाण पत्र, डायरी और पेन से सम्मान किया गया। इसके साथ ही नगर पालिका सीएमओ सुरेखा जाटव, थाना प्रभारी बीना कमल निगवाल, महिला थाना डेस्क प्रतिमा मिश्रा का भी सम्मान किया गया। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप ठाकुर ने कहा बच्चे ही देश का भविष्य है और देश के लिए इस समय उचित शिक्षा की आवश्यकता है। बच्चों को किताबो को अपना मित्र बनाना होगा तभी ज्ञान अर्जित हो सकता है। प्रो. केके तिवारी ने नयी शिक्षा नीति पर कहा भारत कृषि प्रधान देश है और शिक्षा नीति मे कृषि को और अधिक महत्वपूर्ण रखते हुये इसमे संशोधन करना चाहिए। प्रत्येक तहसील में एक कृषि महाविद्यालय होना चाहिए। अभिनव श्रीवास ने कहा मैंने भारतीय सेना मे सूबेदार के पद पर रहते हुये देश की सेवा की है। लेकिन वास्तव में असली भारत तो गांवो में स्कूलों में बसता है। शिक्षा में महत्वपूर्ण बदलाव जरुरी है। एक देश एक शिक्षा नीति लागू होना चाहिए। दीपा ठाकुर ने कहा ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए जिससे बच्चों को प्रोत्साहित किया जाता रहे। कार्यक्रम का संचालन सीताराम चौरासिया ने किया। इस अवसर पर रामगोपाल सिंह, सूरज सिंह, शिवकांत, रौनक सिंह, आदित्य सिंह रहे। संभागीय अध्यक्ष सीताराम ठाकुर और कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मीनायाण अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# हर रविवार को जनअभियान परिषद के विद्यार्थियों की लगेगी क्लासेस



**मालथौन, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम मप्र शासन की एक महत्वाकांक्षी और अभिनव पहल है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में वंचित और उपेक्षित समुदाय को शासकीय योजनाओं के माध्यम से जीवन स्तर में सुधार लाकर समाज को सक्षम नेतृत्व प्रदान करने हेतु प्रशिक्षित समूह तैयार करना है। जन अभियान परिषद के तहत एमएसडब्लू और बीएसडब्लू की कक्षाएं का शुभारंभ किया गया। प्रत्येक रविवार को महाविद्यालय में क्लासेस लगाई जाएगी जिसमें उन्हें प्रशिक्षित कर नेतृत्व कर्ता क्षमतावान बनाया जाएगा। नवीन सत्र के संचालन कार्यक्रम में मुख्यातिथि नगर परिषद अध्यक्ष जयंत सिंह बुन्देला एवं उपाध्यक्ष मालती धर्मेंद्र अहिरवार द्वारा मां सरस्वती जी का पूजन कर शुभारंभ किया। जन अभियान परिषद द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अभियान हर घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया। इस अवसर पर जयंत सिंह बुन्देला, देवेंद्र सिंह बुन्देला, सुल्तान सिंह ने छात्रों को संबोधित किया।

# 18 पशुओं की डेयरी को शहर से बाहर शिफ्ट किया

**सागर, देशबन्धु।** पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से डेरियों को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्यवाही की जा रही है।
निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहा. आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में 18 पशुओं की डेयरी को नगर निगम के वाहन द्वारा शहर से बाहर विस्थापन स्थल रतौना शिफ्ट किया गया। सहायक आयुक्त राजेश सिंह ने बताया कि डेयरी विस्थापन कार्रवाई के तहत मोहननगर वार्ड से पप्पू साहू की डेयरी के 18 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्रवाई की गई। विस्थापन स्थल रतौना में डेयरी संचालकों के जो शेड तैयार हो गये है उनमें बारिश का पानी भर गया है जिसे नगर निगम द्वारा निकाला जा रहा है, अब डेयरी विस्थापन की कार्यवाही तेजी से की जाएगी। इसके साथ ही शहर से बाहर डेयरी शिफ्ट करने हेतु डेयरी संचालकों को समझाईश भी दी जा रही है। कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार, उमेश चौरसिया एवं दल के कर्मचारी उपस्थित थे।

# वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा अवैध वसूली को लेकर व्यापारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**बीना, देशबन्धु।** वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा अवैध वसूली को लेकर व्यापारियों ने विधायक महेश राय को ज्ञापन सौंपा है और ज्ञापन में उल्लेख किया है कि कृषि आदान विक्रेता संघ बीना आपके संज्ञान में लाना चाहता है कि बीना के समस्त बीज खाद एवं कृषि औषधी विक्रेता विधि अनुसार अपना कार्य कर रहे है लेकिन विगत दिनों से एसएडीओ धनपाल सिंह तोमर के आने के बाद समस्त व्यापारी बहुत ही तनाव एवं दबाब में कार्य कर रहे है। धनपाल तोमर किसी भी दुकान पर पहुंचकर अनावश्यक रूप से डराते है धमकाते है एवं पुलिस कार्यावाही एवं लायसेन्स निरस्त करने की धमकी देते है और फिर धीरे से कहते है यही निपटालो आप मेरा ध्यान रखे हम आपका ध्यान रखेगें। इस कारण से 10 जुलाई को किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग सागर में एवं 15 जुलाई को जिला खाद एवं बीज औषधी विक्रेता कल्याण समिति सागर को समस्त व्यापारियों ने लिखित आवेदन देकर शिकायत की थी। इस शिकायत से बचने के लिये तोमर साहब अपने दो सह कर्मियों अधिकारियो के नाम का शिकायत पत्र शिकायत के रूप में व्यापारियों से दबाब डालकर सहमति हस्ताक्षर करने के लिये दबाब डालते है और शिकायत वापिस लेने का भी दबाव डालते है और उस पत्र पर जिसमें अधिकारियों के नाम है पर हस्ताक्षर करने का दबाव डालते है और कहते है हस्ताक्षर कर दो नहीं तो हम आपका लायसेन्स निरस्त कर देंगे और आपके खिलाफ एफआईआर कर देगें। उस दबाब में कुछ व्यापारियों ने हस्ताक्षर कर भी दिये हैं। इस तरह की अनावश्यक कार्यवाही दबाब पैसा बसूली से हम समस्त व्यापारियों को मुक्त कराये जिससे हम लोग विधि अनुसार अपना व्यापार कर सकें। इस अवसर पर सुनील सिंघई, सुनील सुंदरानी, केएन भट्ट, हरिशंकर दुबे, मनसुख राय, आशु पटेल, श्याम सैनी, सिद्धार्थ जैन, अंकुश समैया, शुभम जैन आदि उपस्थित थे।

> नगर में बगैर लाइसेंस की खाद बीज दुकानें चल रही हैं, 100 की दवा 1000 में बेच रहे हैं नकली बीच बेचने वालों पर कार्रवाई हो जाने से सभी व्यापारी घबराए हुए हैं उनका मतलब है कि वह किसानों को लूटते रहे किंतु में ऐसा होने नहीं दूंगा, खाद बीज दुकानदारों ने डीलरशिप के कागज जमा नहीं किए हैं।
> **-धनपाल सिंह तोमर, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बीना**

## सार समाचार

### पूर्व राज्यमंत्री राम दयाल का निधन



**छतरपुर, देशबन्धु।** भाजपा के कद्दावर नेता राम दयाल अहिरवार का बीमारी के चलते छतरपुर निवास पर निधन हो गया। वे करीब 80 के थे । उनका अंतिम संस्कार सोमवार को सुबह 10 बजे महाराजपुर में होगा।

वे पहली बार विधायक 1977 में जनता पार्टी से विधायक चुने गए। इसके बाद ,,1990-1993-1998-2003 महाराजपुर से विधायक, फिर 2008-2013 तक चंदला से विधायक, फिर 2014-2019 तक नगरपालिका महाराजपुर के चेयरमैन रहें.।।।दो बार मध्यप्रदेश सरकार में राज्यमंत्री गृह ,परिवहन एवं जल संसाधन भी रहें हैं.।।। वे मंडी समिति हरपालपुर के भी अध्यक्ष रह चुके है।

### अल्प प्रवास पर आए शाह



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में अल्प प्रवास पर आए मप्र शासन के वन मंत्री विजय शाह का रविवार को बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम के सामने भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने अपने समर्थकों के साथ जोरदार स्वागत किया।

किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह बॉबीराजा ने वन मंत्री से किसानों की समस्याओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा किसानों को बेवजह प्रताड़ित किया जा रहा है। इस पर वन मंत्री ने कहा कि मैं हमेशा किसानों के साथ हूं और किसी के साथ गलत नहीं होने दूंगा और किसानों को हो रही समस्याओं से निजात दिलाऊंगा।

### चक्कर खाकर छत से गिरी युवती



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जैतपुर में एक युवती बीती शाम अपने घर की छत पर थी तभी उसे चक्कर आ गए और वह छत से जमीन पर आ गिरी। ऊंचाई से गिरने के कारण युवती बुरी घायल हो गई थी। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए जहां उसका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जैतपुर निवासी हरिराम बाल्मिक की 21 वर्षीय पुत्री कल्पना बीती शाम करीब 7 बजे अपने घर की छत पर टहल रही थी तभी उसे चक्कर आने लगे। कल्पना ने बैठने का प्रयास किया लेकिन उससे पहले ही उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से जमीन पर गिरकर घायल हो गई।

### अधेड़ ने गौ हत्या के आरोप लगाकर थाने में की शिकायत



**छतरपुर, देशबन्धु।** मातगुवां थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रनगुवां अंतर्गत आने वाले मड़उवा मोहल्ला निवासी दीनदयाल पुत्र मातादीन राजूपत ने मातगुवां थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि चार रोज पूर्व उसकी गाय गांव के कमलेश पुत्र धनीराम कुशवाहा निवासी पनागर वार्ड (खैरों) के खेत में पहुंच गई थी जिस पर कमलेश ने उसकी गाय को लाठी-डंडों तथा पत्थरों पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। दीनदयाल का कहना है कि उक्त गाय के दूध से ही उसके परिवार का गुजारा होता था। थाना प्रभारी को आवेदन देकर दीनदयाल ने कमलेश कुशवाहा पर कार्यवाही करने की मांग की है।

## अस्पताल प्रबंधन की अमानवीयता

# फ़ीस न दे पाने पर शव देने से इंकार

*__छतरपुर, देशबन्धु।__ शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती महिला की मौत होने के बाद जब महिला के परिजन अस्पताल की पूरी फीस नहीं दे पाए तो अस्पताल प्रबंधन ने महिला का शव देने से इनकार कर दिया। परिजन काफी देर तक अस्पताल प्रबंधन के सामने शव देने की मिन्नत करते रहे लेकिन किसी को भी गरीब परिवार पर दया नहीं आई। अंततः परिवार को पुलिस और मीडिया का सहारा लेना पड़ा, तब जाकर अस्पताल प्रबंधन ने महिला का शव परिजनों को दिया।*



*बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा निवासी मुन्नीलाल आदिवासी ने बताया कि उसकी पत्नी पम्मीबाई आदिवासी टीवी रोग से ग्रसित थी। शुक्रवार को जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे इलाज के लिए छतरपुर के क्रिश्चियन अस्पताल लाए थे। शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात पम्मीबाई का इलाज के दौरान निधन हो गया। रविवार को जब परिजनों ने महिला का शव अस्पताल प्रबंधन से मांगा तो प्रबंधन ने इलाज के 32 हजार रुपए जमा करने के बाद शव देने की बात कही। मुन्नीलाल के मुताबिक उसके पास 12 हजार रुपए थे जो उसने दे दिए था लेकिन शेष पैसे उसके पास नहीं थे, जिस कारण से अस्पताल प्रबंधन द्वारा महिला का शव परिजनों को नहीं दिया जा रहा था। परिजन काफी देर तक अस्पताल प्रबंधन को अपनी आर्थिक स्थिति से अवगत कराकर शव मांगते रहे लेकिन अस्पताल के कर्मचारी पैसे मिलने के बाद ही शव देने की बात पर अड़े थे। इसके बाद परिजनों ने कोतवाली पुलिस और मीडियाकर्मियों को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस और मीडियाकर्मियों के हस्ताक्षेप के बाद अस्पताल प्रबंधन ने महिला का शव परिजनों को सौंप दिया। इसके साथ ही शव को गांव तक ले जाने की व्यवस्था भी अस्पताल द्वारा कराई गई।*

## आजादी का अमृत महोत्सव

# हाथ में तिरंगा थामकर पुलिस ने किया शहर भ्रमण



**छतरपुर, देशबन्धु।** केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के आवाहन पर पूरे देश में आजाजी का अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है। इसी क्रम में रविवार की शाम को पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस कप्तान अमित सांघी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर पुलिस विभाग की तिरंगा यात्रा निकली।

डीजे पर देशभक्ति के गीत बजाते हुए एसपी सहित अन्य पुलिस बल बाईक पर तिरंगा लहराते हुए निकला। तिरंगा रैली शाम करीब 5 बजे पुलिस लाइन के शहीद पार्क से शुरू होकर पन्ना रोड, सटई रोड, बिजावर रोड, बस स्टैंड, चौक बाजार होते हुए पुनः शहीद पार्क पहुंचकर संपन्न हुई। रास्ते में जगह-जगह शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर पुलिस की तिरंगा रैली का स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में एसपी अमित सांघी के अलावा एडिशनल एसपी विक्रम सिंह सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### युवाओं ने दिया शांति और भाईचारे का पैगाम



वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समाज के युवाओं ने भी रविवार को शहर में तिरंगा यात्रा निकालकर शांति और भाईचारे का पैगाम शहर की आवाम को दिया। रैली में शामिल लकी अली ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ से पहले हमने शांति का संदेश देने के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली है। शहर के मुश्किल कुशा अली से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा, चौक बाजार, महल तिराहा, डाकखाना चौराहा होते हुए मस्तान शाह मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के लोक उपस्थित रहे।

# पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पटेल की कांवड़ यात्रा 20 को



**खजुराहो, देशबन्धु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.घासीराम पटेल द्वारा श्रावण मास में 20 अगस्त को लवकुशनगर से खजुराहो तक विशाल कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। उक्त कांवड़ यात्रा लवकुशनगर के सिद्ध क्षेत्र भुगरा बब्बा देवस्थल से प्रारम्भ होकर 21 अगस्त सोमवार को खजुराहो में मतंगेश्वर महादेव मंदिर में सम्पन्न होगी जहां पर मतंगेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा। उक्त कांवड़ यात्रा के आयोजन को सफल बनाने हेतु प्रकाश जटकरा पांडे की अध्यक्षता में एक बैठक घूरा के हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित हुई। उक्त कांवड़ यात्रा का सह संयोजक गोविंद सिंह टुरया को बनाया गया।

बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया साथ ही अधिक से अधिक संख्या में साधु संतों के साथ शिवभक्तों को शामिल कराने दायित्व निर्वहन सौंपे गए तथा सभी ने अपने अपने विचार रखे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश गौतम, अनुरुद्ध सिंह ज्यौराहा, ओमप्रकाश पाठक धमना, सुशील जैन चंद्रनगर, रामकृपाल दीक्षित बमीठा, शिवदयाल पटेल टुरया, एड.पप्पू तिवारी बमीठा, महेन्द्र सिंह परिहार, जयराम तिवारी, भूपेन्द्र नायक, डॉ. महेन्द्र तिवारी, देवीदीन पटेल, गोपाल स्वरूप वाजपेयी, लखन मिश्रा, हरनारायण दीक्षित, राजू बाहरपुरा, रामस्वरूप रैकवार भियांताल, राजीव वाजपेयी, राजेन्द्र मिश्रा लखेरी, इंद्रपाल तिवारी, प्रताप सिंह, हल्के भइया पाठक, गनेश पाठक, रामराज सिंह, विनोद पाठक, राजकुमार अवस्थी, देवकीनन्दन तिवारी, महेश पाठक, आनंद चतुर्वेदी, चतरेश तिवारी, अरुण उपाध्याय, विनोद सेन, जंगू राजा गोरा, हल्के राजा नयागांव, गुरुप्रसाद मिश्रा, संजय त्रिवेदी, रवि दीक्षित, कमलेश पटेल, महेंद्र पटेल सहित गणमान्य जन शामिल रहे।

### शिवधाम पहुंचे पूर्व विधायक, सुख-समृद्धि की कामना

**छतरपुर, देशबन्धु।** पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शंकर प्रताप सिंह बुंदेला मुन्ना राजा एवं उनके पुत्र सिद्धार्थ शंकर बुंदेला ने रविवार को विशाल धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए। उक्त धार्मिक यात्रा ग्राम देवगांव से शिवधाम जटाशंकर तक निकाली गई। जटाशंकर धाम में पूर्व विधायक मुन्ना राजा और सिद्धार्थ शंकर बुंदेला के साथ यात्रा में शामिल लोगों ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और अच्छी बारिश की कामना की। जलाभिषेक के उपरांत जटाशंकर धाम में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्री बुंदेला ने स्वयं भक्तों को भोजन कराया।

आयोजन के संबंध में पूर्व विधायक मुन्ना राजा ने कहा कि यह कोई राजनैतिक आयोजन नहीं था, सावन माह में हर कोई भगवाल भोलेनाथ की आराधना करता है, इसी क्रम में क्षेत्रवासियों के साथ यह आयोजन किया गया है, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। सिद्धार्थ शंकर बुंदेला ने बताया कि ग्राम देवगांव से शुरू हुई इस यात्रा में शामिल भक्त दो पहिया और चार पहिया वाहनों से जटाशंकर धाम पहुंचे थे जहां हम सभी ने भोलेनाथ का अभिषेक कर आशीर्वाद लिया। धार्मिक यात्रा में पूर्व जनपद अध्यक्ष राजनगर बहादुर सिंह बुंदेला, बरद्वाहा के पूर्व सरपंच नौने लाल पटेल, नफीस खान पार्षद राजनगर, गणेशदत्त पटना, महेश सैनी, अरविंद सिंह, महोम सिंह, अनारी पाल, लखन दुबे, चौबे चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पुराने विवाद पर चले लाठी-डंडे



**छतरपुर, देशबन्धु।** अलीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम चिरवारी के शिव मंदिर में विगत रोज शाम के समय सुंदरकांड का पाठ चल रहा था इसी दौरान दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि बात मारपीट तक जा पहुंची। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर लाठी-डंडे बरसाए। विवाद में दोनों पक्षों के दो लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि विवाद क्यों हुआ इसके पीछे की सही वजह सामने नहीं आई है लेकिन दोनों ही पक्षों ने एक-दूसरे पर अलग-अलग आरोप लगाए हैं। घटना के बाद अलीपुरा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक क्षेत्रीय विधायक नीरज दीक्षित की पहल पर शाम करीब 7 बजे चिरवारी के शिव मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया जा रहा था तभी किसी बता को लेकर गांव के ही दो पक्षों में विवाद हो गया और जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्षों के दो लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। मारपीट में घायल हुए एक पक्ष के जय सिंह यादव के मुताबिक मंदिर में सुंदरकांड का पाठ चल रहा था तभी गांव के राघवेन्द्र सिंह चौहान, भूरे राजा और भैया राजा ने पथराव शुरू कर दिया। मंदिर में मौजूद लोगों ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उक्त लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

वहीं दूसरे पक्ष के घायल राघवेन्द्र सिंह का कहना है कि मंदिर में सुंदरकांड चल रहा था और वह अपने घर के बाहर लेटा हुआ था। इसी दौरान शराब के नशे में धुत्त दो लोग आकर उसकी चारपाई के पास लघुशंका करने लगे। जब राघवेन्द्र सिंह ने उन्हें रोका तो उनके द्वारा गांव के सीताराम यादव, जय सिंह, धर्म सिंह, दीपू, भोला और तेज सिंह को बुला लिया गया, जिन्होंने लाठी-डंडों से उसे पीटा है। घटना के बाद अलीपुरा थाने में दोनों पक्षों की ओर से शिकायत की गई, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मारपीट के कारण जय सिंह और राघवेन्द्र सिंह के सिर में चोट आई है और उनका इलाज जारी है।

### वार्षिक रिपोर्ट कार्ड में जिला चौथे पायदान पर

**छतरपुर, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने गत दिवस राजधानी में प्रदेश की जिलेवार रैंकिंग जारी की जिसमें उनके द्वारा कक्षा 1 से 8 तक का जिलेवार रिपोर्ट कार्ड जारी किया गया। जिसमें छतरपुर जिले ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

डीपीसी अरूणशंकर पाण्डेय ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा गत वर्ष से जिलों का वार्षिक रिपोर्ट कार्ड जारी करना आरंभ किया गया था जिसमें दूसरी तिमाही में छतरपुर ने प्रथम स्थान एवं तीसरी तिमाही में राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। गत दिवस स्कूल शिक्षा मंत्री द्वारा जिलों का वार्षिक रिपोर्ट कार्ड जारी किया गया जिसमें राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा 1 से 8वीं तक) हेतु समग्र शिक्षा योजना अंतर्गत छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षकों का क्षमता संवर्धन, शालाओं में उपलब्ध संसाधन, कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन तथा जिला स्तर पर किए जा रहे विशेष प्रयासों को शामिल किया गया। नामांकन तथा ठहराव, सीखने के परिणाम और गुणवत्ता, शिक्षक व्यवसाय विकास, समानता, अधोसंरचना तथा सुविधाएं, सुशासन प्रक्रियाएं और वित्तीय प्रबंधन तथा नवभारत साक्षरता कार्यक्रम इन सात मुख्य घटकों के अंतर्गत 36 पैरामीटर/इंडीकेटर्स को सम्मिलित कर प्रदेश के सभी 52 जिलों की रिपोर्ट और रैंकिंग तैयार की गई जिसमें सत्र 2022-23 में छतरपुर जिले ने प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। जिले की इस उपलब्धि को डीपीसी ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं जिले के समस्त शिक्षकों, बीआरसी, बीएसी एवं सीएसी के सहयोग का परिणाम बताया है साथ ही भविष्य में और उच्च पायदान पर जिले को लाने हेतु किए जाने वाले सभी सकारात्मक प्रयासों की बात की।

# घटिया सामग्री से बनी सीसी रोड



**हरपालपुर, देशबन्धु।** नौगांव जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अलीपुरा में सरपंच-सचिव की मनमानी के चलते ग्रामीणों में खासी नाराजगी है। शिकायत के बाद भी कार्यवाही न होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर कार्यवाही न होने से सरपंच-सचिव के हौसले बुलंद हैं और वे मनमानी पर उतारू हैं। ताजा मामला पंचायत द्वारा गांव में बनाई जा रही सीसी सडक़ का है। ग्रामीणों का मुताबिक इस कार्य में सरपंच-सचिव द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

अलीपुरा निवासी दीपक यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा वार्ड नंबर 16 में बिट्टू की चक्की से नन्दू पाल के घर तक सीसी सडक़ का निर्माण वर्तमान में किया जा रहा है, जो कि मानकों के अनुरूप नहीं है। दीपक के मुताबिक सीसी सडक़ के नाम पर मिट्टीयुक्त रेत और सीमेंट की चार इंच परत बिछाकर शासकीय राशि को ठिकाने लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

वहीं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में पंचायत द्वारा एक चैक डैम बनाया गया था, जो पहली ही बारिश में टूट गया था। पंचायत ने अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए उसीकी मरम्मत करा दी और यह मामला दबा दिया गया। ग्रामीणों के मुताबिक भ्रष्टाचार की शिकायत जनपद सीईओ से की जा चुकी है लेकिन उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं होती है। ग्रामीणों के मुताबिक सरपंच सचिव की मिलीभगत से सीसी रोडे, चैकडेम, श्मशान घाट सहित अन्य कार्यों में भ्रष्टाचार किया गया है, जिनकी जांच आवश्यक है लेकिन न तो जनपद सीईओ इस ओर ध्यान दे रहे हैं और न ही उपयंत्री।

#### गंदगी में रहने को मजबूर हैं ग्रामीण

ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के जिम्मेदारों की निष्क्रियता और मनमानी के चलते पूरे गांव में गंदगी का माहौल है। ग्रामीणों के मुताबिक वे गंदगी के बीच ही जीवन यापन कर रह हैं और बारिश के चलते बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक पंचायत द्वारा कभी भी साफ-सफाई नहीं कराई जाती। गांव की नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं।

#### इनका कहना है

ग्रामीणों की शिकायत पर टीम बना कर जांच के आदेश दिये गए हैं। जांच में दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की जायेगी।

**भागीरथ तिवारी,** सीईओ, जपं नौगांव

# सच सामने आने पर बौखलाई भाजपा : कांग्रेस



**छतरपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी और मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ पर 50 प्रतिशत कमीशन की एक झूठी चिट्ठी वायरल करने के आरोप लगाकर भाजपा ने एफआईआर दर्ज कराई है, जिसके बाद रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया। कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि सच सामने आने से भाजपा सरकार बौखला गई है और इसी बौखलाहट के चलते हमारे नेताओं पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। कांग्रेसियों ने यह भी कहा कि प्रियंका गांधी और कमलनाथ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर शिवराज सरकार ने स्वयं अपना जुर्म कबूल किया है।

पत्रकारवार्ता में कांग्रेस के जिला प्रवक्ता संतोष तिवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश में 50 प्रतिशत कमिशन राज की शिवराज सरकार को बेनकाब करने पर भाजपा ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जयराम रमेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव सहित कई नेताओं पर पूरे प्रदेश में मुकदमा दर्ज किया है। कांग्रेस चोरी और सीना जोरी की इस कार्यवाही का विरोध और घोर निंदा करती है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता संकल्प लेता है कि वह कमलनाथ के नेतृत्व में इस कमीशन राज की शिवराज सरकार को उखाड़ फेंकेगा और मध्य प्रदेश को कमीशन राज और घोटालों से मुक्ति दिलाएगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में आखिरकार आधिकारिक रूप से शिवराज सिंह चौहान सरकार का 50 प्रतिशत का कमीशन राज सामने आ गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे प्रदेश को एक पत्र प्राप्त हुआ जिसमें हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से एक ठेकेदार ने फरियाद की कि 50 प्रतिशत कमीशन के कारण प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह ने डंपर घोटाले के साथ अपने कार्यकाल की शुरुआत की थी और 18 साल के कार्यकाल में उन्होंने घोटाले करने का कीर्तिमान बना दिया है। पत्रकार वार्ता के दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष परमानंद विश्वकर्मा, महासचिव एड. राकेश दीक्षित, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नाजिम चौधरी, सह प्रवक्ता रविशंकर अहिरवार, महासचिव लालाभाई अहिरवार, आईटी सेल के अध्यक्ष दीपांशु यादव, युवा कांग्रेस आईटी सेल के प्रदेव सचिव अर्जुन अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत जजों ने किया पौधरोपण

# बच्चों को शिक्षित किया कहा-वे नेक बने

*__नौगांव, देशबन्धु।__ विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत शनिवार को नौगांव कोर्ट के समस्त न्यायधीश गण तक्षशिला सीनियर सेकेंडरी स्कूल दौरिया में बच्चों के बीच पधारे। सरस्वती पूजन अर्चन के पश्चात समस्त अतिथितियों का तिलक और पुष्पहार के द्वारा संस्था के बच्चों ने स्वागत किया, तत्पश्चात प्रथम जिला न्यायधीश मनोज कुमार शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वह उनलोगों के बीच उनकी जिज्ञासायें शांत करने आये हैं, अत: वे उनसे अपने मन के प्रश्न सकते हैं, तब बच्चों ने अपने मनों में उठ रहे अनेक प्रश्न पूँछें। जिनका समाधान न्यायाधीश गणों ने बड़ी ही सहजता के साथ किया, इससे बच्चों को बहुत खुशी का अनुभव हुआ, जबकि वे जजेज से फेस टू फेस इस तरह संवाद कर पा रहे हैं।*



*द्वितीय जिला न्यायधीश दिनेश कुमार प्रजापति ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए उन्हें समाज का एक नेक इंसान तथा देश का जागरूक नागरिक बनने की अपील की। इस अवसर पर सिविल जज श्रीमती बिंदु पटेल ने बच्चों के प्रश्न के तारतम्य में कहा कि आजकल ज्यूडिशियल में मातृ शक्ति का प्रतिनिधित्व दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जज शरद जायसवाल तथा जज मानवेन्द्र सिंह यादव भी इस अवसर पर बच्चों के बीच उपस्थित रहे।*

*वरिष्ठ अधिवक्ता पुरुषोत्तम सोनी ने भी बच्चों को सम्बोधित करते हुए कानून के प्रति जागरूक किया। वरिष्ठ अधिवक्ता वंदना सक्सेना, राकेश खरे तथा अंजोर चतुर्वेदी जी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। प्रख्यात समाज सेवी संतोष कुमार गंगेले कर्मयोगी, दौरिया ग्राम के सरपंच धीरज सिंह बुंदेला सहित अन्य अनेक गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे।*

*अंत में स्कूल परिषर में पौध रोपण भी किया गया। संस्था प्रमुख रमाशंकर मिश्र ने सभी माननीय अतिथियों का आभार जताया और अनुरोध किया कि वह लोग इसी तरह बच्चों के बीच हमेशा पधारते रहें। अंत में संस्था के शिक्षकों तथा बच्चों ने सभी अतिथियों की पारंपरिक बिदाई की।*

सागर, सोमवार 14 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# संसद पर मोदी का एकाधिकार

हाल की अनेक सियासी घटनाओं ने इस खतरे के साफ संकेत दे दिये हैं कि देश की संसद पर सत्ता का लगभग एकाधिकार हो गया है। बहुमत के बल पर संविधान में सरकार बनाने के तो प्रावधान पर हैं लेकिन उसके शब्दों व भावना में कभी भी सर्वोच्च विधायिका पर सत्तारुढ़ दल का एकाधिकार संविधान निर्माताओं व देश के राजनैतिक पुरखों ने सोचा तक नहीं था। दुखद तो यह है कि ऐसा देश की आजादी के हीरक जयंती वर्ष के तत्काल बाद किया गया जिसे 'अमृतकाल' कहकर खूब प्रचारित और महिमामंडित किया गया। यह भी सर्वाधिक त्रासदीपूर्ण है कि ऐसा देश के मुखिया यानी प्रधानमंत्री के हाथों हो रहा है जिसका कर्तव्य संसद की उपयोगिता और प्रासंगिकता को बनाये रखना है। वैसे तो मोदी अपने पहले कार्यकाल के प्रारम्भ (2014) से ही सिर्फ संसद ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण व्यवस्था पर एकछत्र राज करने के उपाय करते आये हैं, लेकिन 2019 में विशाल बहुमत पाने के बाद वे पूर्णत: अनियंत्रित हो गये हैं। मंगलवार को पड़ रहे 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उनके कामों की समीक्षा करना इसलिये बेहद प्रासंगिक व आवश्यक बन पड़ता है।

यूं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकतंत्र विरोधी कामों की लम्बी फेहरिस्त है और उन पर हमेशा से चर्चा होती भी रही है पर इसी शुक्रवार को समाप्त हुए संसद के मानसून सत्र के दौरान उनके द्वारा अपनाया गया व्यवहार सिर्फ असंसदीय ही नहीं था बल्कि अलोकतांत्रिक भी रहा। पिछले कुछ समय से उनके कामों की देश-विदेश में हो रही आलोचनाओं और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों की होती लामबन्दी से बौखलाये मोदी के तेवर प्रतिपक्ष के प्रति अत्यंत अपमानजनक और गरिमाहीन होते जा रहे हैं। संसद से चुन-चुनकर मुखर विपक्षी सदस्यों को निकाल बाहर करना, सवालों के जवाबों से कन्नी काटना, व्यवस्था में मनचाहा बदलाव आदि हाल के ऐसे मामले हैं जो देशवासियों की नागरिक आजादी के लिये बड़े खतरे हैं। इस प्रवृत्ति के खिलाफ़ देश भर में आवाज़ उठनी आवश्यक है।

जिस मणिपुर की हिंसा और महिलाओं के उत्पीड़न पर पूरा देश हिल उठा है, उसे लेकर मोदी और उनकी सरकार ने जैसा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार दिखाया है, वह अपने आप में बेहद शर्मनाक है। पहले तो संसद में इस पर चर्चा कराने के लिये सरकार तैयार ही नहीं थी। बड़ी मुश्किल से इस पर अविश्वास प्रस्ताव के तहत तीन दिवसीय चर्चा हुई तो मोदी स्वस्थ संसदीय परम्परा को धता बताकर पूरी बहस के दौरान आये ही नहीं। वे वैसे भी संसद में कम ही आते हैं। आये भी उन्होंने ऐसे जवाब नहीं दिये जिनमें विपक्ष के सवालों के तथ्यपरक स्पष्टीकरण हों। उत्तर की बजाय अपने सहयोगियों से नारेबाजी कराई तथा विपक्ष को कोसते रहे। अधिक आपत्तिजनक यह है कि मणिपुर की चर्चा से भागने वाले मोदी मध्यप्रदेश की एक सभा में कहते फिर रहे थे कि सत्ता दल गम्भीर चर्चा करना चाहता था परन्तु विपक्ष भाग (बॉयकॉट) गया। सवाल यह है कि अगर सत्ता दल चर्चा करना ही चाहता था तो उसे किसने रोका था? मोदी तो सदन के बाहर पहले भी चर्चा कर सकते थे। मोदी ने स्वयं क्यों नहीं सवा दो घंटे का उपयोग ठोस जवाब के लिये किया। जो बिंदुवार प्रश्न कांग्रेस के गौरव गोगोई ने रखे थे वे उनका सिलसिलेवार जवाब देते। मोदी ने केवल दो-ढाई मिनट इस विषय को दिये और भावनात्मक बातें ही कीं। उन्होंने कहा कि 'मणिपुर में शांति का सूर्य निकलेगा', पर यह नहीं बताया कि वह कैसे निकलेगा तथा उसमें सरकार की भूमिका क्या रहेगी। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि अमित शाह और मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह की दंगों को रोकने में क्या भूमिका रही।

मोदी दरअसल संसद पर ही नहीं वरन एक तरह से समग्र लोकतांत्रिक प्रणाली पर ही अपना एकाधिकार कायम कर रहे हैं। बगैर चर्चा के थोक में कानून बदले जा रहे हैं। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिये बनने वाली समिति से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को बाहर कर दिया गया है। अब प्रधानमंत्री तथा विपक्ष के नेता के अलावा उनके द्वारा नामांकित एक कैबिनेट मंत्री कमेटी के सदस्य होंगे। अपने एकाधिकार के बारे में मोदी कितने आश्वस्त हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मध्यप्रदेश के एक मंदिर का शिलान्यास करते वक्त उन्होंने कह दिया है कि 'इसका लोकार्पण भी मैं ही करूंगा।' क्या मोदी जी को बतौर तीसरी बार पीएम का चेहरा उनकी पार्टी ने मान लिया है? क्या वे इस कदर शक्तिशाली हो गये हैं कि खुद के बारे में भी सब कुछ तय कर रहे हैं? ये भी सवाल हैं।

मणिपुर के अलावा नूंह (मेवात) में हुई हिंसा और जयपुर-मुंबई ट्रेन का वह हादसा जिसमें एक व्यक्ति द्वारा खास सम्प्रदाय के तीन लोगों की हत्या करना यह बतलाता है कि उनका विधायिका पर ही नहीं, कार्यपालिका पर भी ऐसा मजबूत नियंत्रण है कि प्रशासन सरकार को बचाने के लिये या तो मौन है अथवा तथ्यों की तोड़-मरोड़ करने, अपारदर्शिता और गैर जिम्मेदारी का प्रदर्शन कर रहा है। संसद में कही जाने योग्य बातों को सदन के बाहर और बाहर कही जाने वाली बातों को सदन के भीतर कहते-बोलते मोदी ने संसद को अपनी सुविधा और मूड का मंच बना लिया है। हाल के मामलों में उनके जवाब अपरिपक्वता की निशानी तो हैं ही, वे पद की गरिमा भी गिरा चुके हैं। उनकी नज़रों में संसद का अर्थ सिर्फ शक्तियां पाना और राज करना है।

# नेहरू ने बिना शिकायत शून्य से भारत को शिखर तक पहुंचाया

देश का सबसे बड़ा दिन 15 अगस्त। हर साल कई तरह से याद किया जाता है। नास्टेलजिया (पुरानी अच्छी यादें) होता है। स्कूल के वह दिन सुबह बहुत जल्दी मुंह अंधेरे निकलकर प्रभात फेरी। पूरे गांव, कस्बे या स्कूल के आसपास, शहर का गांधी, नेहरू, सुभाषचन्द्र बोस, भगतसिंह के जिन्दाबाद नारे लगाते हुए, देशभक्ति के गीत गाते हुए चक्कर और फिर बच्चों का सबसे पसंदीदा प्रोग्राम बूंदी के लड्डू मिलना।

वह दिन भी खत्म हुए। मगर अभी भी उत्साह पैदा कर देते हैं। तैयारियां केवल बच्चों की नहीं होती थीं, मां-बाप भी खुश होकर इंतजाम करते थे। सबसे मुश्किल काम होता था। सफेद टेनिस शू (कैनवास) की पालिश करके उसे सुखाना। गीली चॉक या वह सफेद रंग की टिकिया पालिश से जूते गीले हो जाते थे। और अगस्त का महीना बरसात का जूते सूखने का नाम नहीं लेते थे। और कभी किसी साल उस दिन से पहले नए सफेद कैनवास शू मिल जाते थे तो कहना ही क्या! लगता था सबसे अलग आप ही हैं।

मगर यह सब भावनात्मक यादें हैं। अच्छी हैं। और बिला नागा हर साल आती हैं। रील सी पूरे दिमाग में घूम जाती है। लेकिन आजादी एक अलग ठोस तत्व है। जिस पर सोचना और बात करना अब लगातार कम होता जा रहा है। 76 साल हो रहे हैं। बहुत बड़ा अरसा। सच है बहुत काम हुआ है। आज की सरकार माने या न माने देश इन 76 सालों में बहुत आगे बढ़ा है। यह प्रगति इसलिए ज्यादा महत्वपूर्ण है कि शून्य से शुरू हुई थी।

अभी भी वे लोग हैं जो 1947 में किशोर हो रहे थे। उन्हें यादें हैं कि कितने कम स्कूल थे। अस्पताल थे। नौकरियां तो बहुत लिमिटेड हुआ करती थीं। मगर नेहरू ने वाकई चमत्कार किया। नकारात्मक बातें करने के बदले जैसा आज की सरकार करती है देश को बनाने में लग गए। कभी नहीं कहा कि अंग्रेजों ने क्या छोड़ा। जैसा आज हर बात में कहा जाता है कि सत्तर सालों में क्या हुआ वैसा कभी नहीं कहा कि पहले क्या हुआ।

सही है अगर वही करते रहते तो उन्हें भी बिना एम्स बनाए झूठ बोलना पड़ता कि दिल्ली में बना दिया। कह दिया कि दरभंगा में बना दिया। लाख बिहार सरकार कहती रहे, दरभंगा की जनता कहती रहे कि नहीं है यहां एम्स, मगर क्या फर्क पड़ता है। कह दिया। और भक्त लोग मान गए। कईयों ने तो आंकड़े भी दे दिए कि इतने लोग इलाज करवा कर ठीक होकर आ भी गए।

नेहरू ने काम किया। आज बातें की जा रही हैं। महाराष्ट्र की कलावती के लिए कह दिया कि राहुल ने कुछ नहीं किया। भक्त मान गए। कांग्रेस कहती रहे। खुद कलावती कहती रहे कि राहुल ने पूरी मदद की। मगर मीडिया लिख चुका कि भाजपा सरकार ने की थी।

पहले पत्रकार फैक्ट फाइंडिंग करते थे। दरभंगा जाकर वहां से लिखते थे कि नहीं है एम्स। कलावती से मिलकर लिखते थे कि उसकी मदद भाजपा सरकार ने नहीं राहुल ने की है। मगर आज जो सरकार कह दे वही सही। नाले के गैस से चाय बनना आविष्कार है। रडार बादलों में काम नहीं करता नया तथ्य है। कबीर, गुरु नानक और गोरखनाथ का समकालीन होना नया इतिहास है। और भारत 1947 में नहीं 2014 में आजाद हुआ नई खोज है। ऐसी बहुत सारी बातें होंगी। खुद को महान साबित करने के लिए ऐसी काल्पनिक बातों की कोई सीमा नहीं है। कभी मनोवैज्ञानिक इस पर लिखेंगे। आज तो किसी की हिम्मत नहीं है।

मगर नेहरू इन चक्करों में नहीं पड़े। उन्होंने देश की प्राथमिकताएं तय कीं और उनमें लग गए। आराम हराम है का नारा नेहरू ने ही दिया था। 16 घंटे काम वे ही करते थे। और झूठ देश को कितना नुकसान पहुंचा सकता है। अंदर से खोखला कर सकता है वे जानते थे इसीलिए अफवाहें देश की सबसे बड़ी दुश्मन हैं का आह्वान किया था। नेहरू भी चाहते तो झूठ और अफवाहों के जरिए अपनी सरकार चला सकते थे। आजादी के आंदोलन का नेतृत्व करने का बड़ा आभा मंडल उनके पास था। विपक्ष कहीं था ही नहीं। संघ (जिसकी राजनीतिक शाखा आज भाजपा है) आज जो नेहरू की सबसे ज्यादा आलोचना करता है, उस समय आजादी के आंदोलन में शामिल नहीं होने के कारण जनता में बहिष्कृत था। नेहरू के पास सिर्फ चुनाव का ही नहीं आजादी के आंदोलन से निकला एक बड़ा जन समर्थन था। जैसी चाहे कहानियां बना सकते थे। मगर उन्होंने देश का ठोस निर्माण करने का फैसला किया।



शकील अख्तर

**आंकड़े देखना चाहिए। पूरे तो अगर लिखने लगें तो एक लेख में क्या समाएंगे, पूरी किताब बन जाएंगी। मगर आज 15 अगस्त, 2023 को 76 साल में देश ने कितनी प्रगति की यह समझने के लिए एक आंकड़ा। शिक्षा का। शिक्षा ही है और आधुनिक शिक्षा जो किसी भी देश और समाज को बनाती है। तो आजादी के समय देश में साक्षरता केवल 12 प्रतिशत थी। और महिलाओं की तो केवल 9 प्रतिशत। मतलब 1947 में आजादी के समय 11 में से केवल एक महिला साक्षर थी।**

कुछ आंकड़े देखना चाहिए। पूरे तो अगर लिखने लगें तो एक लेख में क्या समाएंगे, पूरी किताब बन जाएंगी। मगर आज 15 अगस्त, 2023 को 76 साल में देश ने कितनी प्रगति की यह समझने के लिए एक आंकड़ा। शिक्षा का। शिक्षा ही है और आधुनिक शिक्षा जो किसी भी देश और समाज को बनाती है। तो आजादी के समय देश में साक्षरता केवल 12 प्रतिशत थी। और महिलाओं की तो केवल 9 प्रतिशत। मतलब 1947 में आजादी के समय 11 में से केवल एक महिला साक्षर थी।

तो आप समझ सकते हैं कि नेहरू ने किस तरह जीरो से शुरूआत की। अगर वे भी बातें बनाते रहते तो देश की साक्षरता दर आज 12 प्रतिशत से 82 प्रतिशत नहीं होती। महिला साक्षरता 9 प्रतिशत से 77 प्रतिशत तक नहीं पहुंचती। सबसे बड़ा काम था लोगों को पढ़ाना लिखाना। स्कूल थे नहीं। बहुत सारे लेखकों ने, अन्य लोगों ने लिखा है कि कैसे वे मीलों दूर पढ़ने जाया करते थे। उस समय पूरे देश में करीब एक लाख ही स्कूल थे। जिनमें से भी अधिकांश शहरों में। गांवों में तो स्कूल थे ही नहीं। नेहरू ने सबसे ज्यादा ध्यान इस पर दिया। स्कूल खोलने से लेकर टीचर ट्रेनिंग तक पर। केवल शिक्षा ही पर्याप्त नहीं थी अच्छी शिक्षा भी जरूरी थी। और ऐसे ही उच्च शिक्षा भी।

नेहरू इसका महत्व कितना समझते थे यह इसी से समझ सकते हैं कि विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (यूजीसी) 1949 में ही बना दिया था। आजादी के समय देश में केवल 27 ही विश्वविद्यालय थे। नेहरू, गांधी, सुभाष चन्द्र बोस सबको पढ़ने के लिए विदेश जाना पड़ता था। और आज विदेशों में हर बड़े विश्वविद्यालय में भारतीय पढ़ा रहे हैं। पढ़े-लिखे लोगों के खिलाफ भाजपा इसीलिए है कि दुनिया भारत को इन पढ़े- लिखे लोगों के द्वारा ही जानती है। मनमोहन सिंह की बहुत आलोचना की जाती है। मगर कैम्ब्रिज में, जिसके बारे में बताने की जरूरत नहीं कि कितनी प्रतिष्ठित अन्तरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटी हैं मनमोहन सिंह के नाम पर ही फेलोशिप दी जाती है। इसी तरह किसी भी देश के बनने के लिए दूसरा जो सबसे बड़ा आधार होता है वह है स्वास्थ्य। आज भारत की जीवन दर 70 वर्ष है। मतलब हर व्यक्ति औसतन 70 साल तक जीता है। मगर आजादी के समय यह क्या थी? केवल 32 साल। इसे बढ़ाने के लिए देश में स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा विकसित किया गया। बहुत विस्तृत बात है। मगर संक्षेप में उस समय केवल 28 मेडिकल कालेज थे और आज करीब 612। तभी असली एम्स नेहरू ने 1961 में ही बना दिया था।

भारत ने बड़ी प्रगति की है। 76 साल में क्या हुआ या 2014 से पहले भारत में जन्म लेना शर्म की बात थी कहना आसान है मगर देश को बनाने का जो बीड़ा नेहरू ने उठाया था उसमें बाद के भी सभी प्रधानमंत्रियों ने अपनी-अपनी समझ के हिसाब से हाथ बंटाया। कम ज्यादा, सकारात्मक, नकारात्मक फैसला इतिहास करेगा। इतिहास भक्तों के हिसाब से, गोदी मीडिया के हिसाब से व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के हिसाब से नहीं लिखा जाएगा। वह तो ऐसा ही होता है जो तथ्य और सत्य पर आधारित होता है जिसमें से अभी यह बहुत थोड़ा सा हिस्सा निकालकर हमने आपको बताया।

# महाराजा का दरबार नहीं, 140 करोड़ लोगों की आवाज है संसद

संसद वह सर्वोच्च संस्था है जो देश के 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। इसका काम ये सुनिश्चित करना है कि देश संविधान के मुताबिक चले। देश और जनता के हित को सुरक्षित रखने के लिए संसद संविधान बदलने से लेकर हर तरह के फैसले ले सकती है। मौजूदा संसद सत्र खत्म होने के साथ यह सवाल पूछा जाना लाजिमी है कि क्या हमारी संसद ने देश की ज्वलंत समस्याओं को हल करने की पहल की? इसका जवाब बहुत निराशाजनक है।

चार महीने से जल रहे मणिपुर का मंजर, भयावह है। प्रधानमंत्री समेत केंद्र सरकार ने इसमें अब तक कोई हस्तक्षेप नहीं किया है। हत्या, बलात्कार, आगजनी और सामुदायिक विभाजन ने मणिपुर को लगभग चीरकर रख दिया है। संसद में विपक्ष ने प्रधानमंत्री से सदन में मणिपुर पर बयान की मांग की लेकिन इस मांग को ठुकरा दिया गया। मजबूरन विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव पेश करना पड़ा। प्रधानमंत्री को संसद में बयान देने आना पड़ा, लेकिन मणिपुर के लोगों को उन्होंने निराश किया। दो घंटे के भाषण में उन्होंने सबसे अंत में मणिपुर का जिक्र किया, जिसमें भी ठोस कुछ नहीं था। इस सारी कार्रवाई से मणिपुर की जनता को क्या मिला?



संदीप सिंह

**आज संसद में खुलेआम सत्तापक्ष और विपक्ष में भेदभाव किया जाता है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने 37 मिनट का भाषण दिया लेकिन संसद टीवी के कैमरे ने उन्हें सिर्फ 14 मिनट 37 सेकेंड दिखाया, बाकी टाइम कैमरा लोकसभा अध्यक्ष को दिखाता रहा। इसके उलट, नरेंद्र मोदी या अमित शाह के भाषण के दौरान संसद टीवी ने ऐसा नहीं किया।**

संसद चाह ले और प्रधानमंत्री चाह लें तो मणिपुर की समस्या दो दिन में हल हो सकती है। संसद चाहे तो विभिन्न राज्यों में फैले सांप्रदायिक तनाव को तुरंत रोका जा सकता था। प्रधानमंत्री चाह लें तो दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर हो रहा अत्याचार तुरंत रोका जा सकता है। संसद चाह ले और प्रधानमंत्री चाह लें तो महंगाई कम हो सकती है। प्रधानमंत्री चाह लें तो बेरोजगारी दूर हो सकती थी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

मणिपुर तीन महीने तक जलता रहा। राज्य की भाजपा सरकार इसे रोकने में नाकाम रही। केंद्र सरकार मौन। हिंसा और बर्बादी के बीच प्रधानमंत्री की चुप्पी से उकताकर मणिपुर की सभी पार्टियों के नेता प्रधानमंत्री से मिलने दिल्ली आए थे। प्रधानमंत्री ने उन्हें मिलने का वक्त नहीं दिया और विदेश यात्रा पर चले गए। जब प्रधानमंत्री को अविश्वास प्रस्ताव के जरिये संसद में आकर बोलने के लिए मजबूर किया गया तब भी वे दायें-बायें की बातें करते रहे, हंसी-मजाक-तंज करते रहे, इतिहास बांचते रहे और झूठ बोलते रहे।

क्या देश के 140 करोड़ लोग संसद से इतनी भी उम्मीद नहीं रख सकते कि जिस समय वे कोई अभूतपूर्व संकट झेल रहे हों तो संसद उसमें सकारात्मक हस्तक्षेप करे? भाजपा को यह याद रखना चाहिए कि संसद किसी महाराजा का दरबार नहीं है। यह 140 करोड़ लोगों की प्रतिनिधि संस्था है जिसके पास सर्वोच्च शक्ति है और जनकल्याण के लिए फैसला लेने की ताकत है। लेकिन भाजपा सरकार ने संसद में मौजूद इस 140 करोड़ लोगों की सारी शक्ति को एक व्यक्ति के चरणों में डाल दिया है। 'जो तुमको हो पसन्द हो वही बात कहेंगे' अब संसद का तराना है। अन्यथा विपक्षी सांसदों को आवाज उठाने के जुर्म में निष्कासित कर दिया जाता है। मौजूदा सत्र के दौरान विपक्ष के कई सांसदों को अनुचित ढंग से निष्कासित कर दिया गया।

आज संसद में खुलेआम सत्तापक्ष और विपक्ष में भेदभाव किया जाता है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने 37 मिनट का भाषण दिया लेकिन संसद टीवी के कैमरे ने उन्हें सिर्फ 14 मिनट 37 सेकेंड दिखाया, बाकी टाइम कैमरा लोकसभा अध्यक्ष को दिखाता रहा। इसके उलट, नरेंद्र मोदी या अमित शाह के भाषण के दौरान संसद टीवी ने ऐसा नहीं किया। विपक्षी नेता लगातार इस तरह के भेदभाव की शिकायतें लोकसभा अध्यक्ष से करते रहे हैं लेकिन यह बंद नहीं हो रहा है।

फरवरी में जब राहुल गांधी ने संसद में अडाणी और मोदी सरकार की साठगांठ से चल रहे भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया तो उनके खिलाफ एक बंद पड़े केस को खोल दिया गया और मात्र दो सुनवाई में दो साल की सजा दे दी गई। इस सजा के बाद लोकसभा की भूमिका बेहद चौंकाने वाली रही। सजा सुनाने के 24 घंटे के अंदर ही लोकसभा सचिवालय ने इसे आधार बनाकर राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द कर दी, जबकि खुद कोर्ट ने राहुल गांधी को अपील करने के लिए 30 दिन का वक्त दिया था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुच्छेद-103 के अनुसार, किसी संसद सदस्य की सदस्यता पर सवाल उठने की स्थिति में यह मामला राष्ट्रपति को भेजा जाता है। राष्ट्रपति चुनाव आयोग की राय लेकर फैसला करते हैं। राहुल गांधी के मामले में लोकसभा सचिवालय ने ऐसा फैसला लिया जिसका उसे अधिकार ही नहीं है। भारत के संसदीय इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ।

ओम बिरला से पहले भाजपा सरकार ने सुमित्रा महाजन को लोकसभा अध्यक्ष बनाया था जो कि नरेंद्र मोदी के भाषण पर मेज थपथपाने लगती थीं। मंत्रियों के फंसने पर अपनी ओर से राय देने लगती थीं। वे इतना खुलकर पक्षपात करती थीं कि मीडिया में खबरें छपीं कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में सुमित्रा महाजन का व्यवहार भाजपा कार्यकर्ता की तरह है।

जीवी मावलंकर देश की पहली लोकसभा के अध्यक्ष थे। एक बार प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू बोलने के लिए खड़े हुए तो जीवी मावलंकर ने उन्हें टोक दिया क्योंकि यह नियम के विरुद्ध था। उनके टोकने पर नेहरू ने शालीनता से सिर झुकाया और बिना बोले ही बैठ गए। एक और घटना है जब पंडित नेहरू लोकसभा में एक अध्यादेश लाना चाहते थे। इस पर मावलंकर ने कहा, 'यह काम करने का लोकतांत्रिक तरीका नहीं है। सरकार को अपवाद की स्थिति में ही अध्यादेश का सहारा लेना चाहिए। यह तभी किया जाना चाहिए, जब ऐसा करना बहुत जरूरी हो।' पंडित नेहरू ने हमेशा लोकसभा अध्यक्ष के आदेश का सम्मान किया। इसका मतलब यह था कि संसद प्रधानमंत्री से बड़ी है। लेकिन आज लोकसभा अध्यक्ष पार्टी के कार्यकर्ता और एक व्यक्ति के गुणगान के लिए काम करते दिखते हैं। पंडित नेहरू कहते थे, 'अध्यक्ष सदन की गरिमा तथा उसकी स्वतंत्रता का प्रतिनिधित्व करता है और चूंकि सदन राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है इसलिए अध्यक्ष एक प्रकार से राष्ट्र की स्वतंत्रता और स्वाधीनता का प्रतीक होता है।' आज हमारे लोकसभा अध्यक्ष और सत्ता में बैठी भाजपा मिलकर विपक्ष के साथ भेदभाव करके उस गौरवशाली संसदीय परंपरा को अपमानित करते हैं जिसकी शुरुआत पंडित नेहरू, सरदार पटेल, डॉ अंबेडकर और जीवी मावलंकर जैसे महापुरुषों ने की थी।

(लेखक कांग्रेस से हैं और जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष रहे चुके हैं।)

## गुरवाणी विचार

### जो सुख को चाहे सदा शरण राम की लेह

इह जगि मीत न देखियो कोई
सगल जगत अपनै सुखि लागिए।
दुख में संग न होई (रहाओ)
दारा मीत पूत संबंधी सगरे धन सिउ लागे।।
जब ही निरधन देखिये नर कउ संग छाडि सभ भागे।
कहौ कहाधिआ मन बउरे कउ इनसिउ नेहु लगइस।
दीना नाथ सकल मैं भजन जस ताको बिसराइए।
सुआन पूछ जिओ भयो न सूधो बहुत जतन मैं कीनो।।
नानक लाज बिरद की राखौ नाम तुहारो लीनो।।

गुरुवाणी की यह पंक्तियां राग सोरठि से ली गई है जो गुरुग्रंथ साहिब के 633 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा नौंवे नानक गुरु तेगबहादुर समझा रहे हैं कि इस संसार में कोई किसी का हितैषी नहीं है। सारा संसार अपने ही सुखों के साधन जुटाने में लगा है। दुख में कोई किसी का साथ नहीं देता। केवल हर इंसान का प्रभु परमात्मा है जो आखिरी सांस तक हमारे साथ है इसलिए गुरुवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि उस प्रभु परमात्मा की सिमरन बंदगी करते रहो क्योंकि वही हमारा सच्चा दोस्त है-

सृजन सेई नालि मैं चलदियां नालि चलनि।
जिथे लेखा मंगिये तिथे खड़े दिसनि।।

हम जिन्हें अपना मित्र समझते हैं जैसे अपनी पत्नी और सगे संबंधी सब मतलब के दोस्त हैं। जब तक पैसा है तभी तक वे सभी दोस्त हैं, निर्धन हो जाने पर कोई भी साथ नहीं देता सब छोड़ छाड़ के भाग जाते हैं। अगर बहुत ही सच्चे साथी होंगे तभी तक साथ देंगे जब तक शरीर है। जब शरीर ने साथ छोड़ा ज्यादा से ज्यादा शमशान भूमि तक साथ देंगे। आगे कोई साथ जाने वाला नहीं है साथ में वही हमारे जाएगा जो हमने प्रभु सिमरन कर संचित किया होगा। वही प्रभु परमात्मा ही सच्चा साथी होगा जो हमें आखिरी दम तक साथ देगा। अपने सच्चे दरबार में भी ले जाकर स्थान देगा। जहां फिर हमें सदा आनंद ही आनंद की प्राप्ति होगी।

इसलिए समझा रहे हैं कि ऐ मेरे भूले हुए मन क्यों सांसारिक विषय विकारों में फंसा हुआ है प्रभु परमात्मा जो तेरा सही मायने में मित्र है जिसने अंत तक तेरा साथ देना है उसी की सिमरन भक्ति में मन लगाने पर हम इस संसार में आकर उस प्रभु परमात्मा को बिसार बैठे हैं। इसलिए दुख पाते रहते हैं। तभी तो गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है-

जो सुख को चाहे सदा शरण राम की लेह।

हमें प्रभु सिमरन भक्ति करते रहना है और सच्चा धन एकत्र करना है जो हमेशा हमारे साथ जाएगा। धन दौलत तो हमारे साथ जाने वाला नहीं है। यह सब हमारे लिए ऐशोआराम का साधन इकत्र कर सकती है पर अंत समय में हमारे किसी भी काम में आने वाला नहीं है भले ही इसे संचित करने में हर प्रकार के उपाय करते रहते हैं। जब कुछ धन संचित हो जाता है तब और चाहिए और चाहिए इस तरह कितना भी हमारे पास धन हो जाए तृष्णा कभी खत्म नहीं होती।

विपत्ति आ जाए तो धन हमारी कोई मदद नहीं कर पाता। सिकंदर ने पूरे विश्व पर विजय प्राप्त कर ली पर अंत समय में उसने कहा जब मेरा जनाजा निकाला जाए तो मेरे दोनों हाथ और दोनों पैर कफन से बाहर रखें ताकि लोगों को पता हो कि विश्व विजेता सिकंदर भी नंगे पांव और खाली हाथ जा रहा है। इसलिए हमें सच्चा धन प्राप्त करने के लिए सिमरन भक्ति करना है जिसे ना कोई चोरी कर सकता है न ही कोई हमसे छीन सकता है-

साचा एह हरि धन अगनी तस करै पाणिये।
जमदूते किसे का गवाइया न जाई।।
हरि धन कउ उचका नेड़ि न आवई
जम जागति डंड न लगाई।।

इसलिए गुरवाणी में हमें बार-बार समझाया गया है- हरि धन सांचीअै भाई जि हलति पलति हरि होइ सखाई।।

गुरदेव फरमा रहे हैं कि जिस तरह कुत्ते की पूंछ को कितने ही जतन कर लिया जाए सीधा नहीं किया जा सकता। इसलिए परमात्मा के सिमरन में जो लापरवाह होते हैं। परमात्मा सिमरन से बेमुख होते हैं वे समझाने पर भी नहीं समझते वे भी सब संसार में आकर खाओ-पीयो और मौज मस्ती में लगे रहते हैं जो अंत समय में उनके काम नहीं आ सकती। तब वे बहुत पछताते हैं।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### वे आ रहे हैं दूध पिलाने, सावधान रहें!

हरिशंकर परसाई जी ने लिखा है -'साल-भर सांप दिखे तो उसे भगाते हैं। मारते हैं। मगर नागपंचमी को सांप की तलाश होती है, दूध पिलाने और पूजा करने के लिए। सांप की तरह ही शिक्षक दिवस पर रिटायर्ड शिक्षक की तलाश होती है, सम्मान करने के लिए।' बहरहाल यह बात आज की राजनीति पर बिल्कुल फिट बैठती है पिछले दिनों साहिब जी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से बड़े जोशखरोश के साथ कहा कि वे रक्षा-बंधन के पावन पर्व पर मुस्लिम बहनों को रक्षा सूत्र बांधें यानि उनकी रक्षा का वचन दें। उन्हें इस अवसर पर चढ़ावा बतौर कुछ देना तो ज़रूरी होता है वह दिए बिना रक्षा-बंधन अधूरा होगा।

आप जानते हैं इस इवेंट को भाजपा ने प्रदेश की 74 विधानसभा सीटों को ध्यान में रखकर यह डिजाइन बनाया है। इनमें 35 सिम अनुसूचित जाति के लिए हैं बाकी 19 सिम सामान्य है लेकिन इस पर दलित वाटर निर्णायक भूमिका में है और जिस गांव बड़तूमा को चुना, वह इन अनुसूचित जातियों के रहवास के बीच में, लगभग पड़ता है।

संत रविदास तो संत कबीर के समकालीन व गुरूभाई माने जाते हैं। स्वयं कबीरदास जी ने 'संतन में रविदास' कहकर इन्हें मान्यता दी है। राजस्थान की कृष्णभक्त कवयित्री मीराबाई उनकी शिष्या थीं। वहीं चित्तौड़ में संत रविदास की छतरी बनी हुई है। बनारस में उनके नाम का एक मंदिर और मठ भी है। काशी में जन्मे और वहीं अपनी देह समाप्त की। अपने दोहों और पदों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर उन्होंने बल दिया और मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी- मूर्ति पूजा तीर्थयात्रा जैसे दिखाओ में उनका बिल्कुल विश्वास नहीं था। वह व्यक्ति की आंतरिक भावनाओं और आपसी भाईचारे को ही सच्चा धर्म मानते थे। उनका हाथ में निवेदन निभाओ और सहज भक्ति पाठक के हृदय को उद्वेलित करते हैं कबीर की तरह रैदास के बहुत से पद सिखों के पवित्र ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' में मौजूद हैं विशेष बात यह कि संत रविदास देशभर में जाने जाते हैं। पंजाब में उन्हें रविदास, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान में रैदास। गुजरात, महाराष्ट्र में रोहिदास। बंगाल में रूईदास के नाम से जाना जाता है। विशेष बात ये कि कुछ क्षेत्रों में उनकी चमार जाति को रैदास नाम से भी जानते हैं। उन्होंने लिखा है - पराधीनता पाप है, जान लेहु रे मीत। रैदास दास पराधीन सौं, कौन करै है प्रीत॥

तुलसीदास भी यही बात दूसरे अंदाज़ में कहते हैं- पराधीन सपनेहुं सुख नाहीं। अफसोसनाक यह कि कि 15वीं शताब्दी में कही गई इन शिक्षाओं का खासा कोई असर दिखता नहीं। भीमराव अम्बेडकर ने शिक्षा को मंदिर से ज्यादा अहमियत दी। हालात आज तक नहीं बदले। संत रविदास के मंदिर बनाने के पीछे इन्हें भक्ति पथ दिखाकर संतुष्ट करने का जो उपक्रम किया जा रहा है उसे समझना ज़रूरी है। यह दूध पिलाने से कमतर नहीं है।

इसी कड़ी में साहिब जी ने लाखा बंजारा का नाम लिया जिन्होंने सागर में विशाल तालाब का निर्माण किया। वे आज याद आए जब वह तालाब एक छोटे ताल में बदल गया। जो कभी सागर हुआ करता था जिसके कारण शहर का नाम सागर हुआ। यह भी एक विशेष जनजाति को उपकृत करने के इरादे से।

देश ही नहीं प्रदेश में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति आज सरकार की कितनी अधिक उपेक्षा झेल रही है वह किसी से छिपा नहीं है। सीधी का पेशाब कांड माथे पर कलंक है। दलित दूल्हा आज भी घोड़ी नहीं चढ़ सकता। इन सभी अत्याचार मामले में प्रदेश अव्वल है। महिला उत्पीड़न भी कम नहीं। इसलिए तरह-तरह के लोक-लुभावन कार्यक्रम लेकर वे आ रहे हैं। सावधान रहें। चार साल जिसके साथ अनुचित और अमानवीय व्यवहार हो उसकी इस तरह खुशामद करना ठीक वैसा ही है जैसा हरिशंकर परसाई ने बताने की कोशिश की है। यकीन है आदिवासी व्यक्ति की पूजा हो, रैदास की पूजा हो या रक्षा-बंधन के पावन पर्व पर मुस्लिम बहनों को राखी बांधना, लाड़ली बहनों को गिफ्ट देना छलावा है इसे समझें और समझदारी से काम लें।

**सुसंस्कृति परिहार**

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### मुख्यमंत्री के ताप विद्युत गृह में आगमन की चर्चा, की जा रही सफाई



**सारनी, देशबन्धु।** 11 साल के लंबे इंतजार के बाद 24 अगस्त को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 660 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल इकाई का भूमिपूजन कर सकते है। इसकी चर्चा नगर में चल रही है और इसको लेकर तैयारी भी की जा रही है। इसको लेकर पावर जनरेटिंग कंपनी के सिविल विभाग के माध्यम से 62.5 मेगावाट की छोटी पांच इकाइयों के स्थान के आसपास सफाई की जा रही है। हालांकि प्रशासनिक महकमें में मुख्यमंत्री चौहान के विद्युत गृह सारनी में आगमन की तिथि को लेकर अभी थोड़ा असमंजस बना हुआ है। पदाधिकारी एवं प्रशासनिक महकमें का कहना है कि 24 या 26 अगस्त को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सारनी पहुंचकर 660 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल इकाई की स्थापना को लेकर भूमिपूजन कर सकते हैं।

### बिजली सब स्टेशन निर्माण में देरी, ग्रामीणों ने लगाए चुनाव बहिष्कार के बैनर



**मुलताई, देशबन्धु।** ब्लाक के ग्राम माथनी में बिजली सब स्टेशन के निर्माण में हो रहे विलंब को लेकर ग्रामीण आक्रोश में है। बीते दिनों ग्रामीणों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों को जल्द निर्माण कार्य करने के लिए ज्ञापन भी सौंपा था। लेकिन निर्माण कार्य में गति नहीं आने से चलते ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए ग्राम के मैदान के सामने बिजली के पोल पर आगामी विधान सभा चुनाव का सामूहिक बहिष्कार,रोड जाम और आमरण अनशन का बैनर लगाया है। ग्रामीणों ने बताया बीते 31 जुलाई को बिजली सब स्टेशन का निर्माण कार्य तत्काल चालू करने की मांग को लेकर बिजली कंपनी के उप महाप्रबंधक और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। साथ ही ऊर्जा मंत्री और प्रभारी मंत्री को भी ज्ञापन भेजा था। उसके बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया सब स्टेशन नहीं होने से किसानों को वोल्टेज की समस्या से परेशान होना पड़ता है। मांग के समर्थन में ग्रामीण अब बिजली कंपनी के कार्यालय के सामने आमरण अनशन भी करेंगे।

# 6 माह से रुके विद्युतीकरण कार्य पूरे करने की बनाई रूपरेखा

▸ नगर पालिका में हुई बैठक

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में बीते 6 माह से रुके पड़े विद्युतीकरण के कार्य अब प्रारंभ हो सकेंगे। इसको लेकर नगर पालिका में विद्युत विभाग के एई न.पा. उपयंत्री एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष पार्षदों ने बैठक लेकर नगरीय क्षेत्र में रुके सभी विद्युतीकरण के कार्य शीघ्र पूर्ण करने की रूपरेखा बनाई। मुलताई नगर में पोल स्थानांतरण, 11 केवी लाइन परिवर्तन एवं विद्युतीकरण के कुल 15 कार्य किए जाने हैं। विद्युत विभाग की ओर से इस बैठक में शामिल हुए है सुमित सोनी एई ने जनप्रतिनिधियों को विश्वास दिलाया कि प्रस्तावित 15 कार्यों में से 1 सप्ताह के भीतर 5 कार्यों के एस्टीमेट बनाकर स्वीकृति के लिए जिला स्तर पर भेज दिए जाएंगे इसके उपरांत शेष 9 कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण किए जाने का प्रयास करेंगे उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्य इसलिए भी लेट हुए क्योंकि अधिकारी इन कार्यों को लेकर गंभीर नहीं होते थे। नगर पालिका के उपयंत्री योगेश अनेराव ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युतीकरण के जो कार्य पेंडिंग है उनमें ताप्ती वार्ड, राजीव गांधी, आजाद वार्ड, गांधी वार्ड में पोल स्थानांतरण किया जाना है इसके अलावा गुरु साहब बार्ड, राजीव गांधी वार्ड,नेहरू वार्ड, इंदिरा गांधी वार्ड और पटेल वार्ड में विद्युतीकरण के कार्य किए जाएंगे। भगत सिंह वार्ड और ताप्ती वार्ड में 11 केवी हाई टेंशन लाइन का स्थान परिवर्तन किया जाना शामिल है। बैठक में भाग लेने वालों में उपाध्यक्ष शिवकुमार माहोरे, पार्षद एवं सभापति सुरेश पौनीकर, पार्षद निर्मला उबनारे, प्रहलाद परमार,किशोर सिंह परिहार प्रमुख है।



# ईमानदारी: पोस्ट ऑफिस से गलती से अधिक मिले 10 हजार गरीब महिला ने लौटाए



**मुलताई, देशबन्धु।** आज के समय में जहां थोड़े से पैसे के लिए लोग कुछ भी कर गुजरते हैं वहीं विवेकानंद वार्ड की एक गरीब महिला ने पोस्ट ऑफिसर की गलती से ज्यादा मिल गए 10 हजार रुपए दूसरे दिन पोस्ट ऑफिस जाकर वापस लौटाकर इमानदारी की मिसाल कायम की। नगर के विवेकानंद वार्ड निवासी संगीता पति संजय बारस्कर ने बताया कि वे गुरुवार पोस्ट ऑफिस में अपने खाते से रुपए निकालने के लिए पहुंची थी। जहां पर उन्होंने 10 हजार का विड्राल भरकर दिया, लेकिन पोस्टल असिस्टेंट सुरेश पठाडे द्वारा गलती से 100 की नोटों वाली गाड्डी देने के बजाय 200 के नोटों वाली गड्डी कुल 20 हजार रूपए दे दिए थे। इधर शाम को जब पोस्ट ऑफिस में क्लोजिंग हुई तब रूपए कम पड़ने पर हड़कंप मच गया। दिन भर हुए लेनदेन को खंगाला गया। एक-एक कर सभी ग्राहकों से संपर्क किया गया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई तो इसी दिन विड्रोल करने वाले एक अन्य व्यक्ति जोकि पोस्टल असिस्टेंट का रिश्तेदार था उससे पैसे उधार लेकर पोस्ट ऑफिस में जमा किए इस प्रकार क्लोजिंग हो पाई। उसी दिन शाम संगीता ने पैसों की जरूरत पड़ने पर मजदूरों को पैसे देने के लिए निकाले तब पता चला कि उन्हें 10 हजार रूपए अतिरिक्त आ गए हैं। जिसकी सूचना उन्होंने तत्काल एजेंट को दी। शनिवार अपने पुत्र गगन बारस्कर और ताप्ती ब्रिगेड के युवाओं के साथ पोस्ट ऑफिस पहुंचकर अतिरिक्त रूपए वापस लौटाए। पोस्टल असिस्टेंट सुरेश पठाडे द्वारा बताया गया कि भूलवश उन्होंने ज्यादा रूपए दे दिए थे।

# ज्योतिषी और जनप्रतिनिधियों ने देखा रानीपुर का पुलिस म्यूजियम



**सारनी, देशबन्धु।** पुलिस म्यूजियम का जिले के ज्योतिष एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से रविवार को रानीपुर थाने में पहुंचकर इसका निरीक्षण किया। इस अवसर पर ज्योतिष आचार्य ने रानीपुर थाने पर ब्रिटिश शासन के जमाने में हुए लाल थाने पर हमले के निशान देखे साथ ही उन्होंने उस जमाने में पहनी जाने वाली वर्दियां देखी। साथ ही उस जमाने में किस प्रकार से एफआईआर की जाती थी उसका भी अवलोकन किया।

थाना प्रभारी अवधेश नारायण तिवारी ने उस जमाने में उपयोग होने वाले टाइपराइटर, टेलीफोन, वायरलेस सेट, बंदूक की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर सदन आर्य ने कहा कि बैतूल की पूर्व पुलिस अधीक्षक सीमाला प्रसाद के माध्यम से रानीपुर के पुराने थाने को म्यूजियम बनाकर प्रदेश में इस थाने का महत्व अलग बना दिया है,उन्होंने कहा कि उनके कार्य शैली और कार्य करने की जितनी तारीफ की जाए वह कम है उन्होंने कहा कि उन्हीं की वजह से प्रदेश का पुलिस पर पहला म्यूजियम बैतूल जिले के रानीपुर थाने को मिला है जो तारीफ योग्य है। इस अवसर पर प्रसिद्ध ज्योतिषी कांतू दीक्षित के साथ जन प्रतिनिधि सदन आर्य,नरेंद्र जयसवाल,राजू हीरानी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सैनानी परिवार की वयोवृद्ध फहराएंगी तिरंगा

**बैतूल, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल मंगलवार शहीद भगत सिंह चौक गंज पेट्रोल पंप के सामने प्रात: 8 बजे स्वतत्रता संग्राम सैनानी परिवार की वयोवृद्ध 99 वर्षीय शकुंतला भाटिया और उमा बाई शर्मा द्वारा सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इस अवसर पर नगर के वयोवृद्ध गणमान्य नागरिक बलबीर सिंह वालिया, लक्ष्मीनारायण श्रीवास, चरणजीत सिंह वालिया, डॉ.सतीश खंडेलवाल, दिनेश जोसेफ, सलाम साहब, एफएल सरनकर, यादोंराव कुभारे, रामदीन परते, वासुदेव जसूजा प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

# चौथिया से पवित्र नगरी पहुंची कावड़ यात्रा

▸ नगर के तारेश्वर शिव मंदिर से महिलाओं ने निकाली कावड़

**मुलताई, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत चौथिया से ग्रामीणों ने पवित्र नगरी मुल्ताई तक कावड़ यात्रा निकाली । पवित्र नगरी मुल्ताई से ताप्ती सरोवर का पवित्र जल लेकर पुन: वापस पैदल लौटते हुए ग्राम चौथिया के शिवमन्दिर सहित सभी अन्य मंदिरों का जलाभिषेक किया गया । ग्रामीणों ने बड़े उत्साह , श्रद्धा भक्ति भाव से पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए कामना की।इस अवसर पर मुख्य रूप से राजू अनुराग पवार,जनपदसदस्य अजय बारस्कर , सरपंच उषा तुलसीराम धुर्वे, उप सरपंच सतीश डोंगरडिए , अशोक बारंगे , प्रदीप बारंगे , विकास पवार,ईश्वर पवार सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं , बच्चे, बुजुर्ग और ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।



# रसोईयां बहनों की समस्याओं को कांग्रेस वचन पत्र मे करेगी शामिल: पांसे

**मुलताई, देशबन्धु।** मुलताई,पट्टन क्षेत्र की सैकड़ों रसोईया संघ की बहनों ने विधायक सुखदेव पांसे के निवास पर पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौप अपनी समस्याओं से अवगत कराया। रसोईया संघ की बहनों ने बताया कि बढ़ती महंगाई के इस दौर में उन्हें मात्र 1000 से 2000 रुपए मासिक वेतन मिलता है और आंगनबाड़ी में तो मात्र 500 रुपए है इतने कम पैसे में हम अपने जीवन का निर्वाह कैसे करें। इस अवसर पर विधायक सुखदेव पांसे ने रसोईया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप हमारे परिवार की बहने हो हमारा सुख दुख का साथ रहा है। हम रसोईया बहनों की समस्याओं को आगामी विधानसभा के वचन पत्र में शामिल कर रहे हैं और कांग्रेस की सरकार प्रदेश में बनते ही हमारी पहली प्राथमिकता रसोईया बहनों के समस्याओं का समाधान करना होगा रसोईया संगठन से चर्चा के दौरान विधायक के साथ युवा कांग्रेस नेता सुमित शिवहरे उपस्थित थे । सौपे गए मांग पत्र में रसोईया संघ ने बताया है कि 15-16 वर्ष से मध्यान भोजन संचालित कर रही है, इसके बाद मात्र 1000 से 2000 के मध्य राशि प्राप्त होती है हम सभी रसोईया इतनी कम वेतन में अपना जीवन यापन कर रही है, जिसके कारण महंगाई के इस दौर में जीवन यापन बहुत ही कठिन है। दर्ज संख्या शासकीय स्कूल में कम होने के कारण रसोइयों को निष्कासित किया जा रहा है, जबकि आंगनवाड़ी एवं शिक्षाकर्मी को अच्छा वेतन दिया जा रहा है। ज्ञापन सौंपने वाली बहनों में सविता करमे जिला अध्यक्ष रसोईया संघ सचिव चित्रा नागले, बेला भोयरे, बबीता ठाकरे ,गीता फाटे, कमला हुरमाड़े, मुलताई से सुनीता बैचले, शशि बचले, सविता गोहे, कजीना शेख, चंद्रकला बांमने, गया पिपरदे, संगीता नगदे, सुगमती साहू आदि प्रमुख है।



# एसडीएम कार्यालय भवन लोकार्पण में विधायक को नहीं किया आमंत्रित

**सारनी, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भवन शाहपुर का लोकार्पण 14 अगस्त को किया जाना है। इस कार्यक्रम में आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे,नगर पालिका सारनी अध्यक्ष किशोर बरदे को आमंत्रित नहीं किया गया है। जबकि यह राजस्व कार्यालय आमला विधानसभा और नगर पालिका परिषद सारनी के कार्य क्षेत्र में है। राजस्व कार्य के लिए सारनी नगर पालिका का दल शाहपुर आता है। कार्यालय के लोकार्पण के लिए आमंत्रण पत्र एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह के माध्यम से वितरण किया गया है। जिसमें सांसद दुर्गादास उनके मुख्य अतिथि तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राजा पवार अध्यक्ष को आमंत्रित किया गया है, लेकिन जिले के भाजपा के एकमात्र विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे को आमंत्रित नहीं किए जाने से पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारियों मे आक्रोश है।

बताया जाता है कि भारतीय जनता पार्टी भाजपा मंडल शाहपुर के सोशल मीडिया पर एसडीएम के खिलाफ भाजपा के कार्यकर्ता खुलकर लिख रहे है। घोड़ाडोंगरी के भाजपा के आदिवासी नेता दीपक उईके ने आदिवासी मंडल अध्यक्ष को कार्यक्रम में न बुलाना आदिवासी समाज का अपमान बताया है। ऐसी स्थिति में एक करोड़ 15 लाख 50 हजार की लागत से निर्मित हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भवन का लोकार्पण अधर में लटकता दिखाई दे रहा है। आमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने इस लोकार्पण कार्यक्रम में उन्हें अतिथि के रूप में न बुलाए जाने को लेकर कलेक्टर एवं शाहपुर एसडीएम की मुख्यमंत्री के ओएसडी को शिकायत भी दर्ज करा दी गई है।

# मजदूर संघ का मिलन समारोह आयोजित



**सारनी, देशबन्धु।** मजदूरों के हित और उनके कार्य को ध्यान में रखकर ही भारतीय मजदूर संघ कार्य करती है। यह बात भारतीय मजदूर संघ बीएमएस के एरिया अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने मिलन समारोह के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मिलन समारोह का कार्यक्रम शोभापुर के कैलाश नगर स्थिर डोंगरे लोन में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ मजदूरों के हित और अधिकारियों के लिए हमेशा संघर्ष करता आया है और संघर्ष कर रहा है यही वजह है कि वेतन समझौता 11 में भी मजदूरों को बेहतर लाभ दिलाने का कार्य बीएमएस यूनियन के माध्यम से किया गया इस अवसर पर एटक एवं कोयला श्रमिक सभा से सौ से अधिक कार्यकर्ताओं ने बीएमएस यूनियन का दामन थामने का कार्य किया है।बीएमएस यूनियन के संयुक्त महामंत्री एसएन बारस्कर स्नेह मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के पदाधिकारी और संगठन का एक-एक कार्यकर्ता मजदूरों को कहां लाभ मिल सकता है उस लाभ को कैसे दिलाया जा सकता है इस पर ही विचार विमर्श करने का कार्य करता है और कर भी रहा है।बीएमएस यूनियन के वरिष्ठ श्रमिक नेता यासीन खान ने कहा कि बीएमएस में एक नियम वाली के तहत कार्य करके अपने मजदूरों का लाभ पहुंचाने का कार्य करता है।इसे उद्देश को देखते हुए बीएमएस यूनियन से भूमिगत खदानों में काम करने वाले कर्मचारी अधिकारी लगातार जुड रहे है। मिलन समारोह कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बीएमएस यूनियन के पदाधिकारी कार्यकर्ता डोंगरे लोन में उपस्थित रहे कार्यक्रम में आए अतिथियों का आभार बीएमएस यूनियन के वरिष्ठ नेता मनीष सिंह ठाकुर के माध्यम से किया गया।

### रेवा पर्यावरण क्लब ने किया पौधरोपण



**हरदा, देशबन्धु।** रेवा पर्यावरण क्लब द्वारा रविवार को महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास स्थित बालक छात्रावास परिसर में पौधरोपण किया गया।इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक सुबोध शुक्ला, अशोक शुक्ला एवं संजय सराफ ने अपने पितरों की स्मृति में क्लब को पौधे प्रदान किए,वहीं समाजजनों की उपस्थिति में 12 पौधे रोपे गए।क्लब से जुड़े कमलेश पारे ने बताया कि पौधरोपण के साथ हमारा संरक्षण का भी मुख्य प्रयास रहता है।इस अवसर पर ज्योतिषि डॉ अरविंद शुक्ल ने बताया कि पौधों का ज्योतिषी महत्व भी है,पौधों के फूल,कोमल पत्ते तोड़ने से शुक्र ग्रह, तना तोड़ने से मंगल, जड़ सहित उखाड़ने से शनि ग्रह प्रभावित होता है।इस अवसर पर अशोक शुक्ला,अनिल चैतन्य,बंटी गुहा,राजेश राजवैद्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ता अनिल गुहा,राजेश जोशी,अनिल पगारे, एलके पारे,पद्माकर,योगेश सिटोके,दीपक शुक्ला,सहित क्लब सदस्य उपस्थित थे।अंत में आभार राजेश जोशी ने व्यक्त किया।

# पूर्व जिपं अध्यक्ष की पुण्यतिथि पर मरीजों को बांटे फल



**भैंसदेही, देशबन्धु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्व. पंजाबराव कावड़कर की तृतीय पुण्यतिथि पर मरीजों को फल वितरित किये गये। इसके पूर्व शहर के कांग्रेसियों, सामाजिक एवं गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजली कार्यक्रम देशमुख कांपलेक्स शीतला चौक पर आयोजित किया। जिसमें स्व. पंजाबराव कावड़कर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर याद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक धरमूसिंह सिरसाम ने कहा कि स्व. पंजाबराव कावड़कर को हर व्यक्ति उनके कामों से जनता है। आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम ने कहा कि कावड़कर द्वारा समाज सेवा एवं पार्टी के प्रति किए गए कार्य को कभी बुलाया नहीं जा सकता। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित श्याम नारायण तिवारी ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि सभा में उपस्थित किसी को स्व. पंजाबराव कावड़कर के बारे में कुछ बताने की जरूरत है, क्योंकि मैं जानता हूं कि यहां कोई ऐसा नही है, जो स्व. कावड़कर को नहीं पहचानता होगा। उन्होंने अपने कामो और कर्मो से जीवन को सार्थक बनाया। उनके कामो की आज भी हर कोई प्रशंसा करता है। मंडलम अध्यक्ष धर्मेन्द्र मालवीय ने स्व. कावड़कर के व्यक्तिगत जीवन के बारे में बात करे या सामाजिक, राजनीतिक जीवन, उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरक के रूप में रहा है। उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन हम सभी को मिलता रहे, मेरी यहीं कामना है। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर स्व. पंजाबराव कावड़कर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों को फल वितरित भी किये गये। कार्यक्रम में पप्पू अनिल कावड़कर, संजय कावड़कर, पुत्र गौरव कावड़कर, श्याम नारायण तिवारी, नारायण घाणेकर, संजय देशमुख आदि मौजूद रहे।

विरोध प्रदर्शन पड़ा भारी

# जिला पंचायत सदस्य हृदेश कुशवाहा समेत 50 अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज




▸ भाजपा नेताओं ने पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपा था ज्ञापन

**पलेरा, देशबन्धु।** बीते रोज शासकीय मॉडल स्कूल के पूर्व प्राचार्य एमएल कुशवाहा को पद से हटाए जाने को लेकर उनके पुत्र बसपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य हिरदेश कुशवाहा द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किए गए आदेश के विरुद्ध पलेरा नगर में रैली निकालकर प्रदर्शन करते हुए थाना तिराहे के पास जिला शिक्षा अधिकारी शक्ति खरे का पुतला दहन किया गया था।

बसपा कार्यकर्ताओं द्वारा निकाली गई इस रैली के आयोजन में खरगापुर विधानसभा के भाजपा विधायक राहुल सिंह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई थी। इस पूरे मामले को लेकर बीते रविवार को स्थानीय नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन सौंपा था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में बताया था कि पूर्व प्राचार्य एमएल कुशवाहा का प्रभार प्रशासनिक रूप से बदला गया था। राजनीतिक रूप से उन्होंने अपने पुत्र हिरदेश कुशवाहा जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 12 के द्वारा धारा 144 का उल्लंघन कर नगर में रैली निकाली एवं थाना तिराहे पर बिना किसी अनुमति के पुतला दहन किया। उक्त प्रदर्शन के दौरान स्थानीय नगर में अव्यवस्थाओं का माहौल निर्मित हो गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि बिना किसी अनुमति के क्षेत्रीय विधायक के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। बताया गया है कि इस पूरे मामले की वीडियोग्राफी मय गवाहों के पुलिस को सौंपी गई। इसके बाद स्थानीय थाना पुलिस ने आरोपी हिरदेश कुशवाहा, पन्ना कुशवाहा, आशीष रैकवार, महेंद्र अहिरवार, हीरालाल कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, संजीव कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, गौरव कुशवाहा समेत अज्ञात 50 आरोपियों के खिलाफ धारा 188, 341, 145 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## हर घर तिरंगा अभियान : जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा आज

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 14 अगस्त को जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। तिरंगा यात्रा प्रातः 9 बजे से नजरबाग प्रांगण से प्रारंभ होकर मिश्रा तिराहा, लुकमान चौराहा, जवाहर चौक, स्टेट बैंक चौराहा, गांधी चौक होते हुये नजरबाग प्रांगण में समाप्त होगी। कलेक्टर ने सभी नगरवासियों से अपील की है कि सभी जनप्रतिनिधि, नागरिक, छात्र-छात्रायें, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी 14 अगस्त को आयोजित हर घर तिरंगा यात्रा में शामिल हों। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि 13 से 15 अगस्त के बीच पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों, संस्थानों, प्रतिष्ठानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, डाकघरों तथा हर घर में तिरंगा फहराकर अभियान को सफल बनायें। कलेक्टर ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में मध्य प्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन टीकमगढ़ द्वारा संचालित झंडा विक्रय केन्द्र स्थापित किया गया है। इसके साथ ही डाकघरों से भी झंडा क्रय किया जा सकता है। झंडे का मूल्य 25 रूपये निर्धारित किया गया है।

## स्वतंत्रता दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। अतः 15 अगस्त 2023 को जिले की समस्त प्रकार की देशी/विदेशी मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शुष्क दिवस में मदिरा का अवैध रूप से निर्माण, अधिपत्य एवं विक्र य नहीं होने का समुचित ध्यान रखा जाये। साथ ही संबंधित वृत्त/थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि किसी प्रकार की मदिरा का क्रय-विक्रय होने की स्थिति में वह स्वयं उत्तदायी होंगे।

# 10 हजार के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर प्रमोद वर्मा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार, पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी द्वारा इनामी-फरारी आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में रविवार 13/08/2023 को थाना मोहनगढ के अपराध क्रमांक 400/2020 धारा 294, 354, 451, 323, 506, 34 भादवि में तीन बर्ष से फरार चल रहे आरोपी प्यारेलाल अहिरवार पिता गनुआ अहिरवार निवासी ग्राम हसगोरा थाना मोहनगढ जिला टीकमगढ मध्य प्रदेश को ग्राम हसगोरा मढखेरा तिगैला के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपी घटना दिनांक 27.10.2020 से ही फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक टीकमगढ द्वारा 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक जितेन्द्र यादव थाना प्रभारी मोहनगढ़, प्रधान आरक्षक 316 ताजुद्दीन खांन, प्रधान आरक्षक 533 सनिल शर्मा, प्रधान आरक्षक 118 शैलेन्द्र चौधरी, आरक्षक 131 शत्रुघन सिंह दांगी, आरक्षक 534 रजित सिंह, आरक्षक 526 सुनील कुमार, आरक्षक476 सत्येन्द्र राजपूत, आरक्षक 279 रतीराम, आरक्षक 641 जितेन्द्र कुमार, आरक्षक 608 महेश विश्वकर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

सेक्टर अधिकारियों ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

# मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने तथा संशोधित कराने विशेष कैंप आयोजित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के लिये 31 अगस्त तक नाम जोड़ने, काटने, संशोधन करने की कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में रविवार 13 अगस्त को प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर विशेष कैंपों का आयोजन किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार संबंधित अधिकारियों तथा समस्त सेक्टर अधिकारियों द्वारा मतदान केन्द्रों पर आयोजित विषेष कैम्पों का निरीक्षण कर मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 कार्यक्रम की जानकारी ली गई तथा मतदान केन्दों पर मतदाता सूची का वाचन किया गया। विशेष कैम्पों में मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने, संशोधन कराने का कार्य किया गया। इस अवसर पर सभी बीएलओ मतदान केन्द्रों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। शासन के निर्देशानुसार 1 अक्टूबर तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे नागरिकों से अपील की गई है कि अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु मतदान केन्द्र पर बीएलओ से संपर्क करें। विधानसभा निर्वाचन 2023 के पूर्व मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु सभी नागरिकों के लिये यह अंतिम अवसर है।

प्रांतीय सम्मेलन आयोजित, प्रशासन को सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन

# आचार संहिता लागू होने से पहले आदेश जारी करे सरकार

▸ पुरानी पेंशन बहाल करने बाले का साथ देंगे

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय पर स्थित एक स्थानीय मैरिज गार्डन में आजाद अध्यापक संघ के बैनर तले मध्य प्रदेश के समस्त पेंशन विहीन कर्मचारियों का प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर आजाद अध्यापक संघ की प्रांत अध्यक्ष शिल्पी सिवान सम्मिलित हुई। इसके अतिरिक्त समस्त मान्यता प्राप्त, गैर मान्यता प्राप्त पेंशन विभिन्न कर्मचारी संघों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी भी शामिल हुए। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक एवं आजाद अध्यापक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक खरे ने बताया कि आज के सम्मेलन में हजारों की संख्या में अध्यापक, शिक्षक, कर्मचारी शामिल हुए और सभी ने एक सुर में पुरानी पेंशन की मांग को दोहराया। मुख्य वक्ता के तौर पर आजाद अध्यापक संघ की प्रांत अध्यक्ष शिल्पी सिवान ने प्रदेश सरकार से आचार संहिता लागू होने के पहले पुरानी पेंशन लागू करने के आदेश जारी करने का आह्वान मंच से किया। इसके साथ ही अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति से वरिष्ठता



क्रमोन्नति पदोन्नति देने का भी आह्वान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी सहभागिता की और जोर शोर से पुरानी पेंशन लागू करने के नारे लगाए। इस अवसर पर मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक रामगोपाल शर्मा ने भी सरकार से पुरानी पेंशन देने का आह्वान किया। महिला मोर्चा ने प्रांत अध्यक्ष शिल्पी सिवान को पगड़ी बांधकर कर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करने के बाद उनको त्रिशूल भेंट कर एवं शंखनाद कर पुरानी पेंशन के लिए संघर्ष की शुरुआत की। सम्मेलन के बाद समस्त कर्मचारियों ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा टीकमगढ़ मध्य प्रदेश शिक्षक संघ राजपत्रित अधिकारी संघ, न्यायिक कर्मचारी संघ, अजाक्स संघ, अपाक्स संघ, आयुष कर्मचारी संघ, राज्य कर्मचारी संघ, लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर आजाद अध्यापक संघ की प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती शिल्पी सिवान, प्रांतीय सचिव अजय जैन, प्रांत प्रमुख शिवराज वर्मा, प्रांतीय महासचिव केशव रघुवंशी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संतोष लहरिया, संभागीय अध्यक्ष जिमी सक्सेना, प्रांतीय महासचिव इंदौर चंद्रभूषण किरार, जिलाध्यक्ष मधुकर उपाध्याय, संभागीय अध्यक्ष शैलेश श्रीवास्तव, आशीष खरे, मूरत सिंह ठाकुर, सत्येंद्र जैन, खेमराज माझी, रणवीर सिंह सिसोदिया, जितेंद्र तिवारी, जाहिर नूर, परवीन बानो, वैदेही त्रिपाठी, पूजा भट्ट, सुनील त्रिपाठी, अमित चतुर्वेदी, अयोध्या प्रसाद चौधरी, जगदीश अग्रवाल, अमित सोनी, जेडी सिंह, निरंजन खरे, रईस खान, महेंद्र सिंह सिंगर, धनवंतरी राय, हरिनारायण गर्ग, हेमंत तिवारी, आनंद रावत, गिरजा शंकर सूत्रकार, पुष्पेंद्र यादव, मिथिलेश रिछारिया, मिथिलेश चौबे, राजेश खरे, प्रशांत मिश्रा, मनोज जैन, राजीव मिश्रा सहित हजारों की संख्या में अध्यापक शिक्षक कर्मचारी साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संभागीय उपाध्यक्ष रणवीर सिंह सिसोदिया ने किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**कांग्रेस की सरकारों ने देश....** का उत्थान करने के संकल्प को पूरा करने का कार्य कर रही है। इस दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे ने 467 करोड़ की राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा, पौने दो लाख करोड़ के आसपास की राशि डायरेक्ट ट्रांसफर हुई है। कोई बीच का आदमी नहीं है, हमने लोगों की जेब में सीधे पैसे डाले। इस साल हमने 107 लाख मीट्रिक टन धान किसानों से खरीदे। तीसरे दिन खाते में पैसे पहुंच जाते हैं। यह किसानों की सरकार है। इस साल 20 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदेंगे। कर्जमाफी, धान खरीदी का वादा हमने निभाया। विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में हमने वादा निभाया। उन्होंने कहा, सात दिन बाद 20 अगस्त को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की अगली किश्त किसानों के खातों में आएगी। छत्तीसगढ़ पूरे देश में इकलौता राज्य है जहां मजदूरों को भी सात हजार रुपए की सालाना सहायता राशि दी जा रही है, 13 लाख परिवार से हम तेंदूपत्ता 4000 रुपए प्रति मानक बोरा खरीद रहे हैं।

उन्हांने आगे कहा कि राज्य में गोबर खरीदा जा रहा है, 42 लाख परिवारों को बिजली बिल हाफ योजना का लाभ दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति को आज एक नई पहचान मिली है। रामायण महोत्सव, राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव, युवा महोत्सव जैसे आयोजन कर रहे हैं। राज्य में खेती किसानी की तरफ लोग लौट रहे हैं। 12 लाख से बढ़कर अब 26 लाख किसान प्रदेश में राजीव गांधी किसान न्याय योजना से जुड़े हैं। धान के साथ अन्य फसलों को भी योजना के दायरे में लाया गया है।

**तिरंगामय हुआ बुधनी....** स्वच्छताग्राहियों ने भी मंच से मुख्यमंत्री श्री चौहान का अभिनंदन किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न मंच से चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुखदेव, सुभाष चन्द्र बोस, राजगुरू सहित देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले विभिन्न क्रांतिकारियों की वेशभूषा में नागरिकों को वीर शहीदों की याद दिलाई। इसके साथ ही अन्य मंच से छात्र-छात्राओं ने डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, वकील तथा शिक्षक के परिधानों में उपस्थित रहकर बुधनी में हो रहे विकास से सभी को अवगत कराया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मेडिकल कॉलेज और अन्य विकास कार्यों के भूमि-पूजन कार्यक्रम में जन-सभा में कहा कि पूरे प्रदेश में प्रगति और विकास की क्रांति हो रही है जिससे मध्यप्रदेश देश में विकास की अग्रिम पंक्ति में शुमार हो गया है। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को मेडिकल कॉलेज के भूमि-पूजन सहित लगभग एक हजार करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात दी। सांसद रमाकांत भार्गव और पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभा में घोषणा की कि स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रसोइयों का मानदेय दोगुना कर 4 हजार कर दिया जाएगा और जल्दी ही अतिथि शिक्षकों की पंचायत बुलाकर उनकी भी जायज मांगों को हल किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि वे 17 अगस्त को 5वीं से छठवीं में पढ़ने जाने वाली बेटियों और 8वीं से नवमी कक्षा में दूर पढ़ने जाने वाले बेटे-बेटियों के खातों में साइकिल खरीदने के लिए साढ़े 4 हजार रूपये की राशि डालेंगे। उन्होंने बताया कि 23 तारीख को भी अपने हायर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं में टॉप आने वाले एक-एक छात्र और छात्रा को स्कूटी की सौगात भी देंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज का दिन बुधनी के साथ ही नर्मदापुरम के लिए अभूतपूर्व और ऐतिहासिक है। मेडिकल कॉलेज बुधनी से ज्यादा नर्मदापुरम संभाग के लिए सर्वाधिक फायदेमंद होगा। कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज भी होगा। उन्होंने बुधनी-रेहटी-भेरूंदा राष्ट्रीय राजमार्ग को भोपाल के साथ नर्मदापुरम संभाग को भी विकास के लिए उपयोगी बताया।

**तिरंगा यात्रा पर विद्यार्थियों ने की बात :** मुख्यमंत्री ने आज तिरंगा यात्रा के साथ सभा में आए विद्यार्थियो से खूब बात की। उन्होंने कहा कि बेटे-बेटियो आप खूब मन लगाकर पढाई करिए, आगे बढ़ों, आपके लिए मेधावी विद्यार्थी योजना तो है ही जिससे आपकी उच्च शिक्षा की पढ़ाई की फीस आपका मामा भरेगा। उन्होंने कहा कि सीखो-कमाओ योजना भी आपके लिए है, स्व-रोजगार के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना भी है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में भर्ती जारी है और यह आगे भी जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिंदी में होगी।

**लोकनृत्य तथा गायन की मनमोहक प्रस्तुति :** तिरंगा यात्रा में लोक कलाकारों द्वारा आकर्षक वेशभूषा में पारंपरिक लोक नृत्य एवं गायन की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। भजन मण्डलियों ने भजन भी प्रस्तुत किये। अनुसूचित जनजाति वर्गों के नागरिकों द्वारा अपनी पारंपरिक वेशभूषा में मंच पर उपस्थित होकर मुख्यमंत्री श्री चौहान का अभिनंदन किया गया।

**सरकार नहीं परिवार चलाते हैं :** मुख्यमंत्री ने सभा में आई अपनी लाड़ली बहनों से कहा कि उनसे पहले कभी किसी सरकार ने बहनों के खाते में एक रुपया देने की नहीं सोची, अब मैंने सीधे एक-एक हजार रुपए अपनी बहनों के खाते में डालने का साहस किया है। वे 27 तारीख को बहनों से जुड़कर राखी बंधवाएंगे। बहनों चिंता मत करना मैं 250 रुपए के मान से राशि बढ़ाकर 3000 रुपए करूंगा। मैं आपके चेहरे पर खुशियाँ लाऊंगा और सरकार की नीतियों से आपके दुख-तकलीफ को दूर करूँगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जोर देते हुए कहा कि वे सरकार नहीं आप सबके साथ मिलकर परिवार चलाते है। एक तरफ विकास और दूसरी तरफ हर व्यक्ति तक जन-कल्याण, यही सरकार का मूल मंत्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने विकास का कोई काम नहीं किया है। उनकी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, मार्गों का जाल बिछाकर प्रदेश का विकास किया है। बुधनी आज विकास की नई इबारत लिख रहा है और यहाँ के हर गाँव और खेत में पानी पहुँचाया जाएगा।

# बमौरीकला तथा बुड़ेरा पुलिस ने निकाली तिरंगा बाइक रैली

**टीकमगढ़।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश के समस्त जिलों में हर घर तिरंगा अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देशवासियों को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए प्रेरित करना, जनसामान्य में देश भक्ति की भावना जागृत करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है।




इसी तारतम्य में रविवार 13 अगस्त को पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या के मार्गदर्शन में पुलिस थाना बमोरीकला पुलिस एवं बुड़ेरा पुलिस द्वारा हर घर तिरंगा रैली एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया।

हरितला सरकार मंदिर प्रांगण में धार्मिक अनुष्ठान

# भगवान शिव के विशेष पूजन का पर्व है श्रावण मास: शास्त्री



**पलेरा, देशबन्धु।** बीते रविवार को हरितला सरकार मंदिर प्रांगण में पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। शिव सेवा समिति एवं नगर के गणमान्य नागरिकों के तत्वाधान में 15 दिवसीय कार्यक्रम के आयोजक एवं निर्देशक पंडित अवधेश शास्त्री जी महाराज ने श्रद्धालुओं को बताया कि समुद्र मंथन से जो हलाहल यानी विष निकला था उसका पान लोक कल्याण के लिए भगवान शिव ने किया था। वह सावन मास का ही समय था।

शास्त्री जी ने कहा कि हिमालय की पुत्री जिसने पूर्व जन्म में दक्ष के यज्ञ में अपने आप को सती कर लिया था, उसने सावन मास में ही अपनी कठिन तपस्या की थी और शिव को प्राप्त किया था। इसके अलावा श्रावण मास में ही भगवान शिव पृथ्वी पर अवतरित हुए और एक बार अपने ससुराल में गए। वहां पर उनका स्वागत जलाभिषेक के साथ हुआ, तभी से उन्हें अभिषेक प्रिय शिव कहा जाने लगा। क

थावाचक साध्वी अंजली पांडे अयोध्या धाम ने बताया कि शिवजी को प्रसन्न करने के लिए सावन के महीने में जल, बिल्व पत्र, आंकड़े के फूल, धतूरा, भांग, चंदन, शहद, भस्म और जनेऊ भी जरूर चढ़ाएं। वहीं दूसरी तरफ शिव पुराण के अनुसार भगवान शिव को कुछ चीजें नहीं चढ़ानी चाहिए। शिवजी की पूजा में कभी भी केतकी के फूल, तुलसी दल, हल्दी, शंख जल, सिंदूर, कुमकुम, नारियल और टूटे हुए चावल नहीं चढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान आचार्य पंडित सत्येंद्र शास्त्री ने कहा कि भगवान शिव बड़े ही दयालु और कृपालु है। भक्तों की उपासना से भी जल्द ही प्रसन्न हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि सावन माह में शिव की पूजा अर्चना करने से भक्तों के सभी कष्टों का नाश हो जाता है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## सार समाचार

### निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने पर शिक्षक को किया निलंबित

**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र 55 दमोह मतदान केंद्र क्रमांक 190 आनू फोटो निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के कार्यक्रम अनुसार 12 अगस्त को अपने निर्धारित मतदान केंद्र में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक कुमार अग्रवाल द्वारा अपने कर्तव्य में अनुपस्थित पाए जाने पर मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 का उल्लंघन एवं अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरते जाने के आरोप में शासकीय कन्या शाला आनू के माध्यमिक शिक्षक पवन कुमार अग्रवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। माध्यमिक शिक्षक अहिरवाल का मुख्यालय विकास खंड शिक्षा केंद्र दमोह निर्धारित किया गया है एवं निलंबन अवधि में इनको नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### मतदाता जागरूकता रैली में भाग लेंगे विद्यार्थी

**दमोह देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 14 अगस्त को मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली प्रात: 7:30 बजे प्रारंभ होगी। रैली में दमोह शहर के समस्त विद्यालयों, उत्कृष्ट विद्यालय, एमएलबी स्कूल, जेपीवी स्कूल, सीएम राइस स्कूल, हृदयपुर स्कूल, उर्दू स्कूल, सरदार पटेल स्कूल, रानी दुर्गावती स्कूल, मागंज स्कूल सहित शासकीय अशासकीय स्कूलों के लगभग 5000 से अधिक छात्र मतदाता जागरूकता रैली में भाग लेंगे। रैली उत्कृष्ट विद्यालय दमोह से प्रारंभ होकर एमएलबी स्कूल में समाप्त होगी। जिला शिक्षा अधिकारी एसके ने नेमा ने शहर के समस्त प्राचार्य को उनके शिक्षकों सहित विद्यार्थियों की सहभागिता हेतु आग्रह किया है।

### वीर दुर्गादास राठौर की 385 वीं जयंती मनाई गई




**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** राष्ट्रीय वीर दुर्गादास राठौर की जयंती के अवसर पर समाज के लोगों द्वारा राठौर धर्मशाला में उपस्थित हुए। राठौर समाज के पुरोधा परमवीर आदरणीय दुर्गादास जी राठौर की 385 वी जयंती के अवसर पर समाज के सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर राठौर समाज के अध्यक्ष झुन्नी लाल जी राठौर, केशव राठौर, सुनील राठौर, पप्पू राठौर, लीलाधर राठौर, जे के राठौर आदि का सहयोग सराहनीय रहा। मंच संचालन समाज के युवा नरेश राठौर द्वारा किया गया।

स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां पूर्ण

# फाइनल परेड रिहर्सल हुई, तहसील ग्राउंड का अधिकारियों ने लिया जायजा



**दमोह देशबन्धु।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह में आयोजित होने वाली परेड एवं पीटी की फाईनल रिहर्सल तहसील ग्राउंड दमोह में आयोजित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर मयंक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी सहित पुलिस- प्रशासन के अधिकारियों ने तहसील ग्राउंड का जायजा लिया। परेड में परेड कमांडर आरआई हेमंत बरहैया, द्वितीय परेड कमांडर सूबेदार अभिनव साहू, 12 टुकड़ियों में परेड कमांडर एसआई ताहर सिंह, एसआई योगेंद्र गायकवाड़, टीआई नेहा गोस्वामी कारोलिया, प्लाटून कमांडर होमगार्ड प्राची दुबे, अंकित अहिरवार गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, अमित अहिरवार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, दीपा अग्रवाल शासकीय जेपीवी स्कूल, श्वेता कुरेरिया एमएलबी स्कूल, काजल सोनी शौर्य दल, ओम पटेल डॉक्टर अग्रवाल स्कूल, हर्ष राजोरिया नव जागृति स्कूल, सोम्य नामदेव आरपी मोदी स्कूल, पायलट नीरज मनोहर अहिरवार पीजी कॉलेज, आकाश यादव, एकलव्य यूनिवर्सिटी दमोह और विजय रजक पीजी कॉलेज दमोह ने परेड का नेतृत्व किया। कलेक्टर दमोह अग्रवाल ने तहसील ग्राउंड में साफस्वच्छता, पेयजल, बैठने की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थों को बनाने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अर्पित वर्मा, एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा, एडीएम मीना मसराम, एसडीएम दमोह आरएल बागरी, डिप्टी कलेक्टर महेंद्र कुमार गुप्ता, सीएमओ भैया लाल सिंह, तहसीलदार मोहित जैन, जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट हर्ष कुमार जैन, शिक्षा विभाग, एनसीसी केडिस्ट, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इस दौरान मंच का संचालन विपिन चौबे, आलोक सोनवलकर व सुनील जैन ने किया।

# शौचालय में पूर्व सरपंच ने लगाया ताला, महिलाएं खुले में शौच जाने के लिए मजबूर

### जनपद उपाध्यक्ष ने कहा-समस्या को जल्द दूर करने संबंधित अधिकारियों को दी जाएगी जानकारी



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** तहसील जबेरा के ग्राम पंचायत जलहरी में जबेरा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ सुजान सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान गांव के लोगों ने समस्या सुनाते हुए कहा की सन् 2021-22 में 280000/ की राशि से निर्माण हुआ सामुदायिक स्वच्छता परिसर में ताला डला रहता है जिसका गांव के लोगों को 1 दिन भी उपयोग के लिए नहीं मिला है बरसात के मौसम में महिलाओं को शोंच के लिए बाहर जाना पड़ता है जिसके कारण महिलाओं को परेशानीओं का सामना करना पड़ता है । गांव के राहुल, राजेश, विनोद अहिरवाल संदीप सिंह एवं धर्मेंद्र सिंह दिनेश ने बताया कि पूर्व सरपंच मोंजीलाल अहिरवाल से हम लोगों ने बात की तो उन्होंने बात को टालते हुए कहा की ताले की चाबी वर्तमान सरपंच ज्ञान बाई के पास है लेकिन सरपंच से बात की तो उन्होंने कहा कि में चार्ज में भी सामुदायिक सोचालय की चाबी नहीं है इस तरह ग्राम वासियों को दोनों सरपंच द्वारा गुमराह किया जा रहा है जनपद उपाध्यक्ष प्रति. डॉ सुजान सिंह ने कहा कि इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी जाएगी जिससे समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो सके। अगर किसी के जबरदस्ती ताले डालने की बात सामने आती है तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी जिसका जबाबदार वह स्वयं रहेगा।

# ठेकेदार की लापरवाही, स्वास्थ्य केंद्र के पेवर ब्लॉक व बाउंड्री वॉल और सेप्टिक टैंक टूटा



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लाक यूनिट हेल्थ निर्माण कार्य के चलते मुख्य गेट निर्माण सामग्री रेत, गिट्टी के डंपर निकाले जाने से मुख्य गेट पर नाली डेमेज हो गई वहीं पेपर ब्लाक टूटे, कुपोषण वार्ड शौचालय का सेप्टिक टैंक छतिग्रस्त होने के साथ ही बाउंड्री वॉल टूट गई। जब ठेकेदार से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने जो टूट फूट हुई वह सिरे से खारिज कर दी। जबकि सबको मालूम है कि जब हेल्थ यूनिट का निमार्ण कार्य शुरू हुआ तभी पेपर ब्लाक लगाए जा रहे थे उसी समय स्वाथ्य केन्द्र के अधिकारियों ने ठेकेदार को यह भी कहा गया कि आप एक जगह से बाउंड्री की दीवार तोड़ लें जिससे वाहनों की निकासी हो जाए ताकि पेवर ब्लाक को नुक़सान ना हो बाद में उस दीवार को बंद कर दें पर ठेकेदार ने एक नहीं सुनी और तब कहा था कि जो टूट फूट होगी सुधार करवा देंगे। मतलब काम पूर्ण होते ही सब भूल गए। वही लाखों रूपए की लागत से जो ब्लाक यूनिट हेल्थ निर्माण किया गया उसमें गुणवत्ता का ध्यान नही रखा गया जिससे बनते देर नही हुई और मुख्य गेट पर दरारें आ गई साथ ही जो भवन पर कलर किया गया वह कुछ ही दिनों में उड़ गया।

# पौधारोपण किया और बच्चों को कपड़े बांटे




**दमोह देशबन्धु।** भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्र. 10 के अंतर्गत जैन मिलन वरिष्ठ शाखा दमोह के सदस्य गण ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजी.आर के जैन, वरिष्ठ मार्गदर्शक पदम चंद जैन जुझार, पर्यावरण संयोजक यू सी जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर एलसी जैन एवं ललित सराफके नेतृत्व में सभी वीर बंधुओ ने, ग्राम नोहटा स्थित श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र आदिश्वर गिरी क्षेत्र पर विराजमान श्री आदिनाथ भगवान का अभिषेक, शांति धारा और पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री जी के पूजन उपरांत स्वादिष्ट स्वल्पाहार एवं चाय के बाद क्षेत्र के सुरम्य परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता की मासिक कार्यक्रम में एक और कड़ी को जोड़ा। द्वितीय चरण में क्षेत्र परिसर पर एक सामाजिक संगठन पर परिचर्चा आयोजित की गई। अंत मे शाखा मंत्री ने सभी का आभार प्रकट किया। आयोजन उपरांत जैन मिलन बरिष्ठ शाखा का काफिला शासकीय प्राथमिक शाला घांघरी पहुंचा जहां ग्राम घांघरी मे 125 और गाड़ाघाट मे 42 के प्राथमिक शाला के बच्चों को नि:शुल्क नवीन वस्त्र गणवेश के रूप कुल लगभग 430 गणवेश वितरित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित संतोष नायक, सुरेश चौधरी, नवीन जैन फोटोग्राफर, राजेश जैन गांगरा, आदि समस्त शिक्षकों की उपस्थिति रही ।

# कावड़ यात्रा भेड़ाघाट से नर्मदा जल लेकर दमोह पहुंची, लोगों ने किया स्वागत



**दमोह देशबन्धु।** बागेश्वर धाम शिष्य मंडल ने भेड़ाघाट से बांदकपुर धाम 121 किलोमीटर की संकल्प डांक दौड़ कावड़ यात्रा नर्मदा जल लेकर प्रारंभ की जो दमोह पहुंची । जहां सामाजिक संगठनों,राजनीतिक पार्टियों सहित धार्मिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

इस यात्रा का संकल्प है। श्री जागेश्वर नाथ धाम मंदिर का कॉरिडोर निर्माण हो, अतिक्रमण मुक्त बांदकपुर धाम हो, भारत हिंदू राष्ट्र की स्थापना हो इस संकल्प को लेकर डांक दौड़ कावड़ यात्रा भेड़ाघाट से जल लेकर दमोह पहुंची है। अंबेडकर चौराहे पर कांग्रेस प्रदेश महामंत्री पंडित मनु मिश्रा, शांतनु मिश्रा और खिल्लू ठाकुर रिंकू मिश्रा और समस्त पत्रकार जिसमें बीडी शर्मा नरेंद्र आठिया शुभम अवस्थी शांतनु भारत लवि दुबे फैयाज खान वैभव नायक मनीष साहू आज़म खान अभिषेक जैन सभी लोगो के द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

### पदोन्नति में रोस्टर का हो पालन: अजाक्स

**दमोह देशबन्धु।** भोपाल के हिंदी भवन में अजाक्स की प्रांतीय बैठक सहित प्रांताध्यक्ष जे एन कांसोटिया अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन के जन्मदिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की अनेक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही मध्यप्रदेश के समस्त जिलों के जिलाध्यक्षों द्वारा विचार व्यक्त किए गए जिसमें डॉ मोहन सिंह आदर्श जिला अध्यक्ष अजाक्स दमोह ने अपने विचारों में स्पष्ट किया कि,वर्तमान में मध्यप्रदेश के कर्मचारियों की पदोन्नति की जा रही हैं जिसमें रोस्टर का पालन नहीं किया जा रहा है साथ ही मध्यप्रदेश अजाक्स पदोन्नति को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में न्याय का इंतजार कर रहा हैं,एवं आउटसोर्सिंग व्यवस्था से शासकीय सेवा के सभी पदों को समाप्त कर स्थाई रोजगार की हत्या की जा रही है। बैठक में जिला संरक्षक प्रताप रोहित, नारायण सिंह ठाकुर, बीएल रोहित, डॉ बीएल अहिरवार, एसएल रोहित, एचपी अहिरवार, मुन्नी लाल अहिरवार, मुरारी लाल अहिरवार जिला कार्यवाहक, उपाध्यक्ष इंजी. अमित कुमार, जे एल भारती, ओपी राज, कोषाध्यक्ष सीपी अहिरवार, तुलाराम अहिरवार, सचिव डॉ रमेश अहिरवार, महासचिव आर बी सिंह, नारायण मराबी, कंछेदी लाल अहिरवार, कासीराम अहिरवार, एम आर प्रभाकर, गनेश अहिरवार, राजू सनकत, एमएल अहिरवार, ऋषि राज, राकेश सूर्यवंशी, डॉ सुभाष, प्रमोद कुमार, प्रवक्ता प्रदीप रही। डी सी बैन ,संयुक्त सचिव पवन रोहित, कैलाश कुमार, बी एल अहिरवार सहित समस्त दमोह आजाक्स परिवार द्वारा माननीय प्रांताध्यक्ष महोदय को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### पुस्तकालय दिवस का हुआ आयोजन

**दमोह देशबन्धु।** पुस्तकालय दिवस के अवसर पर बटियागढ़ ब्लॉक की शाला शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला पांड़ाझिर में पुस्तकालय का महत्व बताया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शाला में शिक्षक विमल पटेल द्वारा बनाए गए पुस्तकालय में छात्र-छात्राएं पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

# जबेरा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने की समाज सेवा



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** ग्राम पंचायत पुरा निवासी लख्खू रैकवार के निधन होने पर फूल विसर्जन के लिए जबेरा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद राय द्वारा को भेड़ाघाट नर्मदा जी के लिए निशुल्क गाड़ी भेजी गयी इस दुखद घडी में उनके परिवार के साथ संवेदनाये पुत्र राम प्रसाद रैकवार ने विनोद राय को बहुत बहुत धन्यवाद किया। ग्राम तेंदूखेड़ा धनगौर निवासी सुखराम यादव के निधन होने पर फूल विसर्जन के लिए जबेरा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद राय द्वारा भेड़ाघाट नर्मदा जी के लिए नि:शुल्क गाड़ी भेजी गयी। इस दुखद घडी मे उनके परिवार के साथ संवेदनाये पुत्र बलराम यादव ने विनोद राय को बहुत बहुत धन्यवाद किया। ग्राम डूमर निवासी काशीराम अहिरवाल के निधन होने पर नि:शुल्क लकड़ी भेजी गई। इस दुखद घड़ी मे उनके पुत्र कमलेश अहिरवाल ने बिनोद राय को बहुत बहुत धन्यवाद किया।

### तहसील कार्यकर्ता समन्वयक बैठक हुई आयोजित



**दमोह/हटा देशबन्धु।** गायत्री शक्ति पीठ में तहसील कार्यकर्ता समिति की बैठक हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ रामकृष्ण कुसमरिया पूर्व सांसद एवं डॉ विजय सिंह राजपूत प्रबंधक ट्रस्टी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। हटा एवं मड़ियादो की संगीत टोली द्वारा प्रज्ञा गीत प्रस्तुत किया गया। तहसील समन्वयक दिनेश दुबे ने आगामी समय में गुरुदेव के कार्यो को गाँव-गाँव तक पहुँचाने की योजना रखी। डॉ जानकी पटेल खमरगोर ने 51 कुण्डीय गायत्री 2024 में करने की घोषणा की। कार्यक्रम में लीलाधर पटेल, हरिनारायण चौरसिया,मदन गोपाल दुवे,अरुण पटेल ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर तहसील के एक दर्जन गाँव से परिजन के अलावा सुशील सेलट,गंगाराम पटेल, चंद्रभान पटेल, नर्मदा असाटी,रतन अग्रवाल,राजाराम लोधी आदि लोगो की उपस्थिति रहीं।

# आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान शुरू

### 45 पशुओं को कांजी हाउस भेजा



**भोपाल, देशबन्धु।** कलेक्टर आशीष सिंह ने आदेश पर राजधानी भोपाल में सड़कों पर आवारा घूमने वाले पशुओं को पकड़ने का अभियान शनिवार से शुरू हो गया। पहले दिन नगर निगम ने कुल 45 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में भेजा। वहीं अब इन पशुओं के मालिकों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम के अमले ने शनिवार को विभिन्न क्षैत्रों में सड़कों पर घूमने वाले पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई कर 45 पशुओं को पकड़ा। अमले ने इन पशुओं को 80 फीट रोड, पुष्पा नगर, प्रभात चैराहा, पिपलानी चौराहा, आनंद नगर, पटेल नगर आदि क्षेत्रों से पकड़ा और कांजी हाउस पहुंचाया। अब इन पशुओं के मालिकों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं अब कोलार, शाहपुरा, तुलसीनगर, हमीदिया रोड, छोला, करोंद, शिवनगर, रायसेन रोड, होशंगाबाद रोड समेत कई इलाकों में कार्रवाई की जरूरत है, क्योंकि यहां पर सड़कों पर ही पशुओं के झुंड बैठे रहते हैं। गौरतलब है कि कलेक्टर आशीष सिंह ने एक दिन पहले शुक्रवार को आदेश जारी किए थे, जिसमें सड़कों पर पशु आवारा घूमते मिलने पर मालिक के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की बात कही थी। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित गोशालाओं द्वारा अतिरिक्त पशुओं को रखे जाने की सहमति दी गई है। इनमें मनीखेड़ी (गुनगा) में 50, सर्मधा में 100, बीलखो में 25, अमोनी में 50, प्रेमपुरा में 50 और मुंगालिया छाप में 50 पशुओं की संख्या तय की गई है।

### अग्निवीर भर्ती रैली 20 से

**भोपाल, देशबन्धु।** सेना भर्ती कार्यालय द्वारा 20 से 26 अगस्त तक लाल परेड मैदान में प्रदेश के 9 जिलों भोपाल, बैतूल, छिंदवाडा, हरदा, नर्मदापुरम, रायसेन, राजगढ़, सीहोर और विदिशा के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर ट्रेड्समैन भर्ती रैली का आयोजन होगा। सिपाही फार्मा और सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक एवं सिपाही तकनीकी नर्सिंग, सहायक पशु चिकित्सा 20 से 25 अगस्त तक और अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर, अग्निवीर ट्रेड्समैन की रैली का आयोजन 26 अगस्त को होगा।

### वंदे मातृभूमि रैली 15 को

**संत हिरदाराम नगर।** मातृभूमि संस्था द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर निकलने वाली वंदे मातृभूमि रैली की तैयारियों को लेकर आज एक बैठक आयोजित की गई। संस्था के अध्यक्ष राहुल राजपूत ने बताया कि बैठक में सभी युवा साथियों ने सैकड़ों की संख्या वाहन लेकर आने का संकल्प लिया।

वैश्य समाज का सम्मान समारोह आयोजित

# हम उनका समर्थन करें जो हमारे हितों की रक्षा करता हो: उमाशंकर गुप्ता

**सागर, देशबन्धु।** वैश्य समाज के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जैन, गुप्ता, नेमा, अग्रवाल, सोनी तथा साहू समाज के लोग शामिल हुए सुरखी विधानसभा क्षेत्र के वैश्य समाज सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व गृह मंत्री उमाशंकर गुप्ता तथा शैलेंद्र जैन शामिल हुए। सम्मान समारोह में पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज राष्ट्रवादी विचारधारा रखने वाला समाज है जो पैसे कमाता ही नहीं बल्कि आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रहित के लिए अपनी तिजोरिया खोल देता है। हमारे लिए सबसे पहले राष्ट्र है जिसके लिए सर्वत्र निछावर करने से वैश्य समाज कभी पीछे नहीं हटता। हमें उनका समर्थन करना चाहिए जो हमारे हितों की रक्षा करें भाजपा ने हमेशा वैश्य समाज के हितों की रक्षा की है मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने वैश्य समाज का हमेशा समर्थन किया है इसलिए हमें मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को ऐतिहासिक भारी मतों से विजय दिलाकर अपने क्षेत्र और समाज का विकास सुनिश्चित करना चाहिए। सम्मान



समारोह में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सुर्खी विधानसभा के हर परिवार से हमारा नाता सिर्फ राजनीतिक नहीं बल्कि पारिवारिक संबंध है पिछले 25 वर्षों से मैं और मेरा परिवार सुरखी विधानसभा क्षेत्र की सेवा में लगा हुआ है। जिसका परिणाम है कि आप सभी का आशीर्वाद हमेशा हमें मिलता रहा है। वैश्य समाज क्षेत्र की संपन्नता और विश्वास का प्रतीक है जिसके कई उदाहरण है। किसी क्षेत्र की संपन्नता में वैश्य समाज का महत्वपूर्ण योगदान होता है इसलिए सुरखी विधानसभा क्षेत्र के समस्त वैश्य समाज के बंधुओं का राजपूत परिवार की ओर से यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का वैश्य समाज सम्मान समारोह सराहनीय कार्य है। वैश्य समाज को एक मंच पर लाकर उनका सम्मान करना अतुलनीय पहल है। हमारे समाज पर लोगों का अटूट विश्वास है। वैश्य समाज पैसे ही नहीं कमाती बल्कि राष्ट्र के लिए बड़ी-बड़ी कुर्बानियां देने से भी पीछे नहीं हटती समाज के नवनिर्माण में वैश्य समाज की अहम भूमिका है इसलिए अपनी ताकत को पहचाने और ऐसे व्यक्ति का समर्थन करें जो समाज के तथा क्षेत्र के विकास में कार्य करें। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की कमी नहीं है यह विकास कार्य इसी तरह चलते रहेंगे। वैश्य समाज के सभी लोगों का अभिवादन करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्य समाज हमारे क्षेत्र की संपन्नता का प्रतीक है इनकी संपन्नता हमारे लिए गर्व से भर देती है उन्होंने सभी समाज जनों का स्वागत किया। समाज के वरिष्ठ जनों का मंत्री गोविंद राजपूत तथा अतिथियों द्वारा फूल मालाओं तथा साल श्रीफल से स्वागत किया।

## प्यारे बच्चो के भावों की अभिव्यक्ति है उनकी चित्रकला: शैलेंद्र जैन



**सागर, देशबन्धु।** जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद सागर के सहयोग से विश्व टाइगर दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चो ने भाग लिया। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह रविंद्र भवन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन थे। प्रतियोगिता में लगभग 1800 बच्चो ने हिस्सा लिया और अपने भावों को कैनवास पर उतारा, आयोजक मंडल ने पुरुस्कार वितरण समारोह में सभी प्रतिभागियों की पेंटिंग को लगाने का प्रयास किया, मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों ने बच्चो के चित्रों को देखकर उनकी सराहना की। विधायक शैलेंद्र जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि विश्व टाइगर दिवस के अवसर पर हमारे इन नन्हे बच्चों ने बहुत ही सुन्दर पेंटिंग्स बनाई है, विचारो की सुंदर अभिव्यक्ति को कैनवास पर उतारने का कार्य किया है इसके लिए इन बच्चो के अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं जो इन बच्चो की कला को निखारने ने निर्णायक भूमिका निभाते हैं। कुछ पेंटिंग्स इतनी सुंदर है की एकदम पोस्टर की तरह है, इस प्रतियोगिता में यह महत्वपूर्ण नहीं है आपकी पेंटिंग पुरुस्कार के लिए चयनित हुई है या नहीं महत्वपूर्ण यह है कि 1800 बच्चो ने अपनी कला की प्रस्तुति यहां पर दी है। हम सागर में कला के विकास के लिए प्रयास कर रहे हैं और इस तरह के आयोजनों और कला के क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहता हूं और आगे भी तत्पर रहूंगा। कार्यक्रम को एसडीएम विजय देहरिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजना चतुर्वेदी तिवारी ने किया। कार्यक्रम में रंग के साथी ग्रुप के प्रमुख असरार अहमद, अमर जैन, डॉ. आरके तिवारी आदि उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### श्री बालाजी प्रभात सेवा समिति ने पौधारोपण किया



**सागर, देशबन्धु।** काकागंज वार्ड में स्थित मुक्तिधाम में श्री बालाजी प्रभात जन सेवा समिति द्वारा पौधारोपण किया गया और उनके लिए सुरक्षा भी उपलब्ध की। जिसमें समिति के युवा राजेश फुसकेले ने संदेश दिया वृक्ष ही जीवन है एक पेड़ एक जिंदगी वृक्ष लगाने से हमारे जीवन में शुद्ध प्राण वायु उपलब्ध होती है और भूमि का जलस्तर भी बढ़ता है, इस दौरान समिति के युवा शामिल रहे। सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर कोरी फोटोग्राफर, अजय सोनकर, चंदू विजय कोरी, कालूराम मासाब, शिवराम पटेल, जगदीश तिवारी आदि शामिल रहे।

### क्षत्रिय राठौर समाज द्वारा निकाली गई वाहन रैली का पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती पर राठौर क्षत्रिय समाज द्वारा सदर क्षेत्र मे विशाल वाहन रैली निकाली गई। विशाल वाहन रैली का कांग्रेसजनों ने पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी की अगवाई में भगवानगंज में वाहन रैली का पुष्पवर्षा कर तथा समाज के वरिष्ठजनों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच शरद राजा सेन, कुन्दन जाट, सुरेन्द्र सिंह चावड़ा, देवेन्द्र कुर्मी, अशरफ खान आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।

### मप्र कांग्रेस महासचिव देवेंद्र तोमर के नेतृत्व में हुआ स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव देवेंद्र तोमर के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं का स्वागत किया गया। विदित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का 22 अगस्त को सागर आगमन हो रहा है इसकी तैयारी को लेकर कार्यक्रम के प्रभारी लखन घनघोरिया पूर्व मंत्री को बनाया गया है यह कार्यक्रम संभागीय स्तर का कार्यक्रम होगा। इसकी तैयारी को लेकर सागर संभाग के कांग्रेस जनों की बैठक आहूत की गई थी, जिसको लेकर पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया विधायक का सागर आगमन हुआ नरयावली विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस जनों ने लखन घनघोरिया की भव्य अगवानी कर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में यश तोमर, अवदेश तोमर, आयुष तोमर, अजय वैद्य, मनोहर चौबे आदि मौजूद थे।

# प्रियंका गांधी और कमलनाथ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर शिवराज सरकार ने भ्रष्टाचारी होना स्वीकार किया

**सागर, देशबन्धु।** मप्र में 50 प्रतिशत कमीशन राज की शिवराज सरकार को बेनकाब करने पर भाजपा ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जयराम रमेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव सहित कई नेताओं पर पूरे प्रदेश में मुकदमा दर्ज किया है। कांग्रेस चोरी और सीनाजोरी की इस कार्यवाही का विरोध और घोर निंदा करती है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता संकल्प लेता है कि वह कमलनाथ के नेतृत्व में इस कमीशन राज की शिवराज सरकार को उखाड़ फेंकेगा और मप्र को कमीशन राज और घोटालों से मुक्ति दिलाएगा। यह बात कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश के सहप्रभारी संजय कपूर, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, लखन घनघोरिया, प्रवक्ता मुकेश नायक ने यहां आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता में कही। पत्रकार वार्ता का संचालन कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक ने किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार पचौरी व डॉ. आनंद अहिरवार द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता, प्रवक्ता अभिषेक गौर, आशीष ज्योतिषी समेत पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने मप्र की भाजपा सरकार के 50 प्रतिशत के कमीशन राज को उजागर करने वाले पेटी कांट्रेक्टर भाई तथा इस पत्र को समाचार पत्रों में प्रकाशित करने वाले पत्रकार साथियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने समाचारों को ट्वीट कर पूरी दुनिया के सामने मप्र की भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश और मप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव सहित सभी नेताओं का भी बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। मप्र में आखिरकार आधिकारिक रूप से शिवराज सिंह चौहान सरकार का 50 प्रतिशत का कमीशन राज सामने आ गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे प्रदेश को एक पत्र प्राप्त हुआ जिसमें हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से एक ठेकेदार ने फरियाद



की कि 50 प्रतिशत कमीशन के कारण प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। इस पत्र को मप्र के मीडिया ने प्रमुखता से उठाया। सरकारी ठेकों में किस कदर भ्रष्टाचार हो रहा है इसे इस बात से समझा जा सकता है कि आज 13 अगस्त के दिन पिछले साल कारम बांध टूट गया था, 300 करोड रुपए की लागत से बना यह बांध पहली बरसात भी नहीं झेल पाया था, इसकी वजह 50 प्रतिशत कमिशन नहीं तो और क्या थी। पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया ने कहा कि मप्र में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण आहार में घोटाला होने की खबर आप सबके सामने है। महाकाल लोक के निर्माण में भी जिस तरह घोटाला किया गया, वह वहां गिरी सप्त ऋषि की मूर्तियां अपने आप बयान करती हैं। जरा सी बाढ़ में कारम डैम का बह जाना बताता है कि मप्र में ठेकेदारी में कितना कमीशन चल रहा है। शिवराज जी ने डंपर घोटाले के साथ अपने कार्यकाल की शुरुआत की थी और 18 साल के कार्यकाल में उन्होंने घोटाले करने का कीर्तिमान बना दिया है। नदी में घोटाला, पहाड़ में घोटाला, स्कूल में घोटाला, शिक्षा में घोटाला, भोजन में घोटाला, भजन में घोटाला, अस्पताल में घोटाला, इलाज में घोटाल, रेमडेसीविर इंजेक्शन में घोटाला, कोरोनाकाल में हुई मृत्यु छुपाने में घोटाला, पुलिस भर्ती में घोटाला, पटवारी भर्ती में घोटाला, नर्सिंग कॉलेज में घोटाला, पेसा कॉर्डिनेटर भर्ती घोटाला। आकाश से लेकर पाताल तक शिवराज सिंह चौहान ने घोटाले की झड़ी लगा दी है। अब तो मप्र की जनता इस सरकार को कमीशन राज सरकार और सरकार के मुखिया को मिस्टर घोटाला कहने लगी है। आप सबको याद होगा कि मई 2018 में एक मीडिया संस्थान ने मप्र में हर विभाग के घोटाले का पूरा विस्तृत रिपोर्ट कार्ड जारी किया था। उस रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया था कि मप्र में 51 प्रतिशत लोग यह स्वीकार करते हैं कि सरकारी काम के लिए उन्हें रिश्वत देनी पड़ती है। जिस भाई ने हाई कोर्ट को पत्र लिखकर मप्र में 50 प्रतिशत कमीशन और घोटाले को उजागर किया है उसने अपनी तरफ से कमीशन की राशि को थोड़ा कम ही बताया है। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए भोपाल के आरटीओ को इसलिए हटाया गया क्योंकि आरटीओ दफ्तर में होने वाले लेनदेन की चिट्ठी एक प्रतिष्ठित अखबार ने प्रकाशित कर दी थी। राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर ने आरोप लगाया कि घोटालों में आकंठ डूबे होने के बावजूद शिवराज सरकार भ्रष्टाचार से दूर रहने और भ्रष्टाचारियों को सजा देने के बजाय भ्रष्टाचार उजागर करने वाले नेताओं के ऊपर मुकदमे कर रही है। मप्र का एक-एक नागरिक जानता है कि उसे छोटा से छोटा काम करने के लिए भी रिश्वत देनी पड़ रही है। 50 प्रतिशत कमीशन तो बहुत छोटी बात है शिवराज सरकार में कोई काम ऐसा नहीं है जिसके लिए पैसा दो काम लो का सिद्धांत लागू ना होता हो। शिवराज सरकार ने हर घोटाले की शुरुआत में यही कहा है कि घोटाला नहीं हुआ है, शिकायत करने वाला फर्जी है और शिकायतकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज करना और उत्पीड़न करना इस सरकार की आदत बन गई। इन्होंने व्यापम घोटाले को स्वीकार नहीं किया, लेकिन अंत में सुप्रीम कोर्ट ने खुद मामला अपने हाथ में लिया। भाजपा सरकार ने नर्सिंग कॉलेज घोटाले को स्वीकार नहीं किया लेकिन हाईकोर्ट ने घोटाले पर मोहर लगा दी। शिवराज सरकार ने पहले पटवारी घोटाले को स्वीकार नहीं किया, लेकिन बाद में जांच के लिए तैयार हुये। इसी तरह 50 प्रतिशत कमीशन, घोटाले को भी अंततः भाजपा सरकार को स्वीकार करना पड़ेगा। जिस तरह से कर्नाटक की जनता ने भाजपा के 40 प्रतिशत कमीशन राज को उखाड़ फेंका था, वैसे ही मप्र की जनता शिवराज के 50 प्रतिशत के कमीशन राज को भी उखाड़ फेंकेगी।

## संत निरंकारी मिशन ने वन सेवा अभियान के तहत किया पौधरोपण



**सागर, देशबन्धु।** रविवार को संत निरंकारी सत्संग मंडल ब्रांच सागर द्वारा वनसेवा वन अभियान के तहत पौधरोपण किया। संत निरंकारी मिशन हरित विश्व के उद्देश्य से लगातार यह अभियान चला रहा है। रविवार की सुबह 6 से 8 बजे तक निरंकारी मिशन के दर्जनों सदस्यों ने अभियान में शामिल होकर पौधे रोपे और उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया। सद्गुरु माता सुदीक्षा के आह्वान पर पूरे देश में निरंकारी मिशन पौधों का रोपण कर रहा है। पौधरोपण अभियान के बाद सत्संग कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें सत्संग की अध्यक्षता जोनल इंचार्ज सागर के नारायण दास निरंकारी ने की। उन्होंने कहा कि आज का जो मानव है उसका जीवन दो भागों में बांटा हुआ है। केवल सत्संग में आने से ही मन शुद्ध होता है। सद्गुरु का हम जब ज्ञान ले लेते हैं और जब सद्गुरु के बताए अनुसार रास्ते पर चलते हैं तो मानव जीवन का कल्याण होता है।

## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले में फहराया जा रहा है तिरंगा



**सागर, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है और नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के तहत कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देशानुसार जिले के समस्त ग्राम पंचायतों नगरीय निकायों सहित संपूर्ण जिले में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मप्र शासन के निर्देश अनुसार जिले में कार्रवाई करते हुए समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शासकीय, अशासकीय कार्यालयों संस्थानों व्यवसाय प्रतिष्ठानों घरों पर पूरे सम्मान के साथ तिरंगा ध्वज फहराये। अभियान के तहत नगर निगम के कर संग्राहकों द्वारा अपने-अपने वार्ड के नागरिकों को घरों पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के संबंध में निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना और देशभक्ति की भावना पैदा करके देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और बलिदानियों को नमन करना है, इसलिए नागरिक इस अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने घरों पर तिरंगा झंडा अवश्य लगाएं और अपने परिचित, पड़ोस के लोगों को भी तिरंगा झंडा लगाने के लिए प्रेरित करें।

## प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री की असंवेदनशीलता उजागर हुई: सुरेन्द्र चौधरी

**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में ढाना जा रही बस से कुचलकर ग्राम हर्पसिली निवासी हीरालाल पटैल तथा सभा में शामिल होने जा रहे ग्राम पाली खेड़ा निवासी जितेंद्र यादव व बबलू आदिवासी की सड़क दुर्घटना में हुई मौत तथा सभा स्थल पर कार्य करते हुये खुरई निवासी सचिन अहिरवार एवं संतोष लोधी की करंट लगने से अपनी जान गवाने वाले मृतकों को श्रद्धांजलि देने पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी की अगुवाई में भगवानगंज स्थित संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा मे शासकीय अधिग्रहत बस से कुचलकर अपनी जान गवानें वाले स्व. हीरालाल पटैल के परिजन भी शामिल हुये। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह पर निशाना साधते हुये कहा कि सागर में घंटो रहने के बाद भी शासकीय अधिग्रहत वाहन से हीरालाल पटैल की हुई मौत तथा सभा के कार्य करते हुई अपनी जान गवानें वालें सभी मृतकों के लिए दो शब्द बोलने या शोक संवेदना, व्यक्त करने का समय नही निकालने से उनकी आसंवेदनशीलता उजागर हुई हैं। श्री चौधरी ने पुनः मांग करते हुए कहा कि सभी मृतकों के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ घटना के लिए जबाबदारों पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर कठोर कार्यवाही की जाए अन्यथा की स्थिति कांग्रेस पार्टी पीड़ितों को न्याय दिलानें सड़को पर उतरेंगी। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक सुनील जैन, राकेश राय, सुरेन्द्र सिंह चावड़ा, शरद राजा सेन, अशरफ खान, अशोक कुशवाहा, मनोज पटैल, कुन्दन जाट, रवि उमाहिया, मुकेश खटीक आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।



### एकता कॉलोनी में आयुष आपके द्वार का 50 लोगों ने उठाया लाभ

**सागर, देशबन्धु।** राज्य सरकार की आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत एकता कॉलोनी मे जिला आयुष अस्पताल के जिलाधिकारी डॉ. जोगेंद्र सिंह के निर्देशन में नोडल अधिकारी डॉ. आशीष पटेल द्वारा लोगों के घर घर जाकर उन्हें वर्षा जनित बीमारियों और आई फ्लू इत्यादि के बारे में जागरूकता की समझाइश और जानकारी दी गई, टीम में डॉ. हिवानी पैरामेडिकल, राजेश यादव कंपाउंडर, प्रताप यादव और छत्रसाल द्वारा ने वार्ड पार्षद संगीता जैन और एकता कॉलोनी विकास समिति के दिनेंद्र पांडे, धर्मेंद्र मिश्रा नितिन केशरवानी, राज पाली, बसंत व्यास और रामकुमार व्यास के साथ घर-घर जाकर 50 लोगों की जांच पड़ताल कर आवश्यकता अनुसार उपचार एवं सलाह के साथ ही आयुर्वेदिक औषधियां निःशुल्क वितरित की गई।

### चोरी गया मोबाइल मिला



**सागर, देशबन्धु।** देर रात्रि बस स्टैंड पर सोते समय बस की हेल्पर अभिषेक पटवा पिता मुकेश पटवा 19 वर्ष निवासी नन्ही देवरी का मोबाइल चोरी चला गया। जिसे बस स्टैंड के बीट प्रभारी वरिष्ठ आरक्षक देवेंद्र वैद्य द्वारा सीसीटीवी कैमरा के फुटेज इत्यादि खंगाल कर एक भिखारी से बरामद कर पीड़ित को सौंप दिया।

### अवैध शराब के तस्कर फोर व्हीलर छोड़कर भागे पुलिस ने किया मामला दर्ज



**गौरझामर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा अनुविभागीय अधिकारी पूजा शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थों को लेकर कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए थे उन्हीं निर्देशों के पालन करते हुए गौरझामर थाना प्रभारी बृजमोहन कुशवाह ने बताया शनिवार की रात में पुलिस को अवैध शराब की सूचना प्राप्त हुई तो पुलिस को देख आरोपी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए और पुलिस ने मौके से चार सो पाव अवैध लाल शराब और अर्टिगा चार पहिया गाड़ी एमपी 21 टीए 0421 जप्त की कर मामला दर्ज किया गया। चार सौ पाव लाल अवैध शराब कीमत चालीस हजार रुपए और चार पहिया गाड़ी की कीमत तीन लाख रुपए की जप्त की गई और आबकारी की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और विवेचना जारी है। कार्यवाही में थाना प्रभारी बृजमोहन कुशवाहा, चंद्रभान पांडे, अशोक चौहान, अनिल कन्नौजिया, माखन अहिरवार सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।




स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।